स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 15 अगस्त 2024 पृष्ठ-24 वर्ष-08, अंक- 353 मूल्य 3.00 ₹

## अवकाश एवं शुभकामना संदेश

स्वतंत्रता दिवस की पायनियर परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकानाएं। इस अवसर पर पायनियर समाचार पत्र के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 17 अगस्त को प्राप्त होगा।

**-संपादक,** पायनियर

## क्विक न्यूज

### चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नीता नायक ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी




**रायपुर।** श्रीबालाजी थिंक मीडिया, श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एवं कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नीता नायक ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के उन महान वीर सपूतों का याद दिलाता है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई। आज हम जिस आजादी से जी रहे हैं वह उन असंख्य वीरों के बलिदानों का प्रतिफल है। हमें न केवल उनके बलिदानों को स्मरण करना चाहिए, बल्कि यह भी संकल्प लेना है कि हम अपने राष्ट्र की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे। एकता एवं भाई-चारा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हुए, देश की उन्नति में सदैव योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे। आज के दिन वर्ष 1947 में हमारा देश आजाद हुआ। भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जहां पर हर वर्ग को स्वतंत्रता से जीने और रहने का हक है। यह आजादी के बाद ही संभव हुआ।

# लाल किले पर पीएम मोदी फहरायेंगे तिरंगा छह हजार विशेष मेहमान आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले से 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश का नेतृत्व करेंगे। वह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और प्रतिष्ठित स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की विषय वस्तु 'विकसित भारत@2047' है। यह 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। राष्ट्रीय महत्व के इस उत्सव में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष लाल किले पर समारोह देखने के लिए लगभग 6,000 विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। युवाओं, आदिवासी समुदाय, किसानों, महिलाओं और अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में वर्गीकृत जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के इन लोगों ने सरकारी योजनाओं की मदद से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने लाल किले पर पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। रक्षा सचिव दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार का परिचय प्रधानमंत्री से कराएंगे। इसके बाद जीओसी, दिल्ली क्षेत्र श्री मोदी को सलामी मंच तक ले जाएंगे जहां एक संयुक्त इंटर-सर्विसेज और दिल्ली पुलिस गार्ड प्रधानमंत्री को सामान्य सलामी देंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे।

# हिन्दुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : सर्व हिंदू समाज

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान की राजधानी जयपुर में सर्व हिंदू समाज ने बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बुधवार को जन आक्रोश रैली निकाली। सर्व हिंदू समाज के लोग पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए और जन आक्रोश प्रदर्शन किया। इसके बाद रामलीला मैदान से सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता होते हुए जन आक्रोश रैली निकाली गई जो वापस न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान पहुंच कर संपन्न हुई। इस प्रदर्शन में साधु-संत, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के लोगों के अलावा अन्य कई लोग शामिल थे। इस अवसर पर जल आक्रोश रैली का हिस्सा बने विधायक बालमुकंदा आचार्य ने कहा कि बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। बंगलादेश में सनातन धर्म को मिटाने के लिए जो आतंकवाद हो रहा है उस पर शीघ्र रोक लगनी चाहिए और बंगलादेश ही नहीं अन्य सभी जगहों पर जिहादी संगठनों पर पाबंदी लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सनातनी की आवाज हैं और यह ललकार हैं, जिसके आगे जिहाद टिकने वाला नहीं हैं। इसी तरह रैली में आये अन्य लोगों का कहना था कि बंगलादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा होनी चाहिए और उन पर कोई अत्याचार नहीं होना चाहिए, हिन्दुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कुछ लोगों ने भारत से बंगलादेशियों को निकालने की मांग भी की। इस जन आक्रोश रैली में सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं लोगों सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया और जयपुर व्यापार महासंघ के आह्वान पर इस प्रदर्शन के समर्थन में आधे दिन जयपुर बंद भी रखा गया।

# राज्य सरकार अपनी खनिज युक्त भूमि पर केंद्र से वसूल सकती है पिछला कर बकाया : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने खनिज समृद्ध राज्यों के लिए वित्तीय राहत वाला फैसला सुनाते हुए उन्हें अपनी खनिज युक्त भूमि पर केंद्र सरकार और पट्टा धारकों से एक अप्रैल 2005 से बकाया रॉयल्टी और कर वसूलने की बुधवार को अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की संविधान पीठ ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। नौ सदस्यीय इस पीठ ने हालांकि कहा कि इस तरह का बकाया आने वाले 12 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से वसूला जा सकता है। साथ ही, पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य पिछली मांगों पर जुर्माना या कर नहीं लगा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्यों के पास खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने की विधायी क्षमता बताने वाला उसका 25 जुलाई 2024 का फैसला पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 31 जुलाई को इस मुद्दे पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था कि क्या 1989 से खदानों और खनिज युक्त भूमि पर केंद्र सरकार की ओर से लगाई गई रॉयल्टी राज्यों को वापस की जाएगी। केंद्र सरकार ने खनिज समृद्ध राज्यों की ओर से 1989 से खदानों और खनिज युक्त भूमि पर लगाई गई रॉयल्टी वापस करने की मांग वाली याचिका का बार- बार विरोध किया था।

# स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल ने शुभकामनाएं दी रायपुर में ध्वजारोहण करेंगे सीएम साय



**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेशवासियों सहित पूरे देशवासियों, सेना के जवानों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल डेका ने अपने संदेश में कहा कि 15 अगस्त को भारत गौरवशाली आजादी के 77 वर्ष पूरा कर रहा है। हमारी आजादी की लड़ाई लंबी और कठिन थी और इसमें असंख्य बहादुर लोगों ने अपना बलिदान दिया। उन समस्त महापुरूषों और बलिदानियों को नमन करते हैं। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सहित असंख्य सेनानियों ने अपने-अपने तरीकों से भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमें उन असंख्य सेनानियों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए। इस आजादी को कायम रखने के लिए हमारी सेना के वीर जवानों और पुलिस कर्मियों ने भी अपनी शहादत दी है। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर में ध्वजारोहण करेंगे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा, विधायक किरण देव, शिवप्रकाश, आजय जामवाल और पवन से भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय जूदेव का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वर्गीय जूदेव का मुझे बहुत स्नेह मिला और उनके जीवन यात्रा से मैंने बहुत कुछ सीखा है। वे चाहते थे कि मैं छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनूं। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि उनका आशीर्वाद आज फलित हुआ।

स्वर्गीय जूदेव ने आजीवन आदिवासी समुदाय के हित की लड़ाई लड़ी। सनातन संस्कारों को बचाए रखने के लिए वे समर्पित रहे। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए आदिवासी कल्याण और सुशासन स्थापित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है।

adani
Foundation

एक मज़बूत आत्मनिर्भर भारत की ओर

आइए हम सब मिलकर ऐसा राष्ट्र बनाएं जो दुनिया को प्रेरित करे। एक ऐसा राष्ट्र जहाँ सपने उड़ान भरें, नई सोच को बढ़ावा मिले और हर नागरिक प्रगति में योगदान दे। एक ऐसा राष्ट्र जहाँ समृद्धि हर कोने तक पहुँचे और एकता की भावना हम सभी को जोड़े।

इस स्वतंत्रता दिवस
विकसित भारत बनाने की शपथ लें

SECL
South Eastern Coalfields Ltd.

78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

78वें स्वतंत्रता दिवस की समस्त कोयलांचलवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

आइये इस पावन पर्व पर यह संकल्प लें कि हम सभी एक लक्ष्य, एक दृष्टि, एक मति और एक गति के साथ, विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे।

(डॉ. प्रेम सागर मिश्रा)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
एसईसीएल



एसईसीएल : भारत को एक विकसित एवं ऊर्जा सम्पन्न राष्ट्र बनाने का लिया है हमने संकल्प

- एसईसीएल की दो खदानों गेवरा एवं कुसमुंडा ने विश्व की टॉप 10 खदानों में दूसरा एवं चौथा स्थान पाकर राष्ट्र को विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है और राष्ट्र की ऊर्जा की बुनियाद को और मजबूत किया है।
- राष्ट्र की ऊर्जा आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए एसईसीएल दृढ़ संकल्पित है। एसईसीएल ने कोयला उत्पादन में वित्त वर्ष 22-23 में 25 मिलियन टन की रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी के ऊपर वित्त वर्ष 23-24 में 20 मिलियन टन की बढ़ोत्तरी हासिल करते हुए अपने इतिहास का सर्वाधिक 187 एमटी कोयला उत्पादन दर्ज किया है।
- कोयलांचल के भू-स्वामियों के त्वरित रोजगार एवं समुचित बसाहट के लिए एसईसीएल निरंतर प्रयासरत है। कंपनी ने भूमि अधिग्रहण की देयताओं में सकारात्मक बदलाव किए हैं। पिछले 2 वर्षों में एसईसीएल ने रिकॉर्ड 1500 से अधिक भू-स्वामियों को रोजगार स्वीकृति प्रदान की है।
- एक हरित कोयलांचल के लिए एसईसीएल बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कर रहा है। पिछले 2 वर्षों में एसईसीएल ने अपने संचालन राज्यों में 19 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। साथ ही वृक्षारोपण की जापानी तकनीक "मियावाकी" को भी प्रयोग में लाने की शुरुआत हुई है।
- एसईसीएल द्वारा बंद हुई खदानों को ईको-पार्क के रूप में विकसित कर रमणीक पर्यटन स्थल में बदला जा रहा है। कंपनी हसदेव क्षेत्र में अनन्या वाटिका एवं बिश्रामपुर क्षेत्र में केनापारा पर्यटन स्थलों को विकसित कर चुकी है जो स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। साथ ही एसईसीएल द्वारा कोरबा जिले में तीन और नए पार्क बनाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है।
- एसईसीएल ने आने वाले वर्षों में एक नेट-पॉज़िटिव कंपनी बनने का लक्ष्य साधा है। इसके तहत एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में रूफटॉप एवं ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड सोलर परियोजनाओं को विकसित किया जा रहा है। एसईसीएल के भटगांव क्षेत्र में 20 मेगावाट की ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड सोलर परियोजना से उत्पादन शुरू हो चुका है वहीं बिश्रामपुर क्षेत्र में इसी क्षमता के एक और परियोजना के जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में रूफ-टॉप/फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है।
- "एसईसीएल के सुश्रुत" योजना के तहत एसईसीएल कोयलांचल के बच्चों के डॉक्टर बनने के सपने को पंख दे रही है। योजना के तहत कंपनी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के 40 बच्चों को निशुल्क आवासीय नीट मेडिकल कोचिंग प्रदान कर रही है।
- सीएसआर के जरिये हमारा प्रयास कोयलांचल के कोने-कोने को विकास से समृद्ध करना है। इसके अंतर्गत एसईसीएल के संचालन राज्यों में लगभग 800 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट-क्लास लगाए गए हैं जिससे इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अध्ययन-अध्यापन की इस आधुनिक तकनीक का लाभ ले पा रहे हैं।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

सोशल मीडिया पर हमें लाइक और फॉलो करें
SECL Media

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत जामपाली के
समस्त नागरिको को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
श्रीमती हीराबाई-देवानंद चन्द्रा
(सरपंच)
सचिव एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत जामपाली
ज.पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत सोंठी के
समस्त नागरिको को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
श्रीमती चंचला-दीपक (सरपंच)
रामायण सिदार (सचिव)
एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत सोंठी
ज.पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत मरकाम गोढी के
समस्त नागरिको को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
श्रीमती घसनीन बाई गोड़ (सरपंच)
उमेश सिदार (सचिव)
एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत गोढी
ज.पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत डुमरपारा के
समस्त नागरिको को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
छतराम राज (सरपंच)
सचिव एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत डुमरपारा
ज.पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत हरदा के
समस्त नागरिको को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
गौरीशंकर यादव (सरपंच)
सचिव एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत हरदा
ज.पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा के
समस्त नागरिको को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
लीलाधर राठौर (सरपंच)
सचिव एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा
ज.पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत भद्रीपाली के
समस्त नागरिको को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
श्रीमती समुंद बाई साहू (सरपंच)
महेश केंवट (सचिव)
एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत भद्रीपाली
ज. पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
कार्यपालन अभियंता
अनुविभागीय अधिकारी
एवं उपयंत्रीगण
मिनीमाता हसदेव बांगो
नहर संभाग क्र.06
नदेली भांठा सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त नागरिक बंधुओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
कृषि विभाग
सक्ती
विकासखण्ड-सक्ती

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
जिला शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ
जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय
जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
अनुविभागीय अधिकारी
एवं उपयंत्रीगण
ग्रामीण यांत्रिकी अनुविभाग सक्ती
जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
अनुविभागीय अधिकारी
एवं उपयंत्रीगण
लोक निर्माण विभाग अनुविभाग सक्ती
जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
गुरु श्री मिनरल्स
प्राईवेट लिमिटेड
बस्ती बाराद्वार
जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत पोरथा
के समस्त नागरिको
को हार्दिक
शुभकामनाएँ..

श्रीमती मधु राठौर (सरपंच)
सचिव एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत पोरथा
ज.पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की ग्राम पंचायत तेन्दूदोहा के
समस्त नागरिको को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
श्रीमती कुमारी बाई लहरे (सरपंच)
पुरुषोत्तम पटेल (सचिव)
एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत तेन्दूदोहा
ज. पं.-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएँ..

-: विनीत :-
शैलेन्द्र तिवारी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
के समस्त कर्मचारीगण
शाखा-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
जनपद पंचायत
सक्ती
जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त नागरिको को हार्दिक शुभकामनाएँ


डॉ. डी.पी.पाटले
प्राचार्य
प्रो. सोमेश कुमार धितोड़े
जिला समन्वक राष्ट्रीय सेवा योजना
जिला-सक्ती (छ.ग.)
शासकीय क्रांति कुमार भारतीय
स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय
सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट
प्राईवेट लिमिटेड

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ..
-: विनीत :-
एक शुभचिंतक




मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

मान. केदार कश्यप जी
मंत्री, जल संसाधन विभाग

प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




जल संसाधन विभाग
बालोद






मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

मान. दयालदास बघेल जी
मंत्री, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



खाद्य विभाग
बालोद






मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

मान. लक्ष्मी राजवाड़े जी
मंत्री, समाज कल्याण, छ.ग.शासन

प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




उपसंचालक
समाज कल्याण विभाग, बालोद






मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी

प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
बालोद


संकलनकर्ता- रवि भूतड़ा ब्यूरो चीफ, बालोद, मोबाइल-9754222333, 9479222333

# कोण्डागांव जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं































संकलनकर्ता-अनुज कुमार ब्यूरोचीफ, कोण्डागांव, मोबाइल-91099314941, 7999320344 anujnewsdesk27@gmail.com

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत
खंड चिकित्सा अधिकारी
जिला-कोण्डागांव

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

वन्य प्राणियों की रक्षा करें।
अवैध शिकार होने से बचाएँ।
जय हिंद अमर जवान
विनीत
वनमंडल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत
समाज कल्याण विभाग
जिला-कोण्डागांव

जय हिंद अमर जवान
समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मान. नीलकंठ टेकाम
विधायक
केशकाल विधानसभा

समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं










शस्त्र के साथ समर्पण पर ईनाम राशि

| क्र. | शस्त्रों के नाम | अनुग्रह राशि |
|---|---|---|
| 01. | एल.एम.जी. | रू. 450000/- |
| 02. | ए.के. 47 रायफल | रू. 300000/- |
| 03. | एस.एल.आर.रायफल | रू. 150000/- |
| 04. | 303 रायफल | रू. 75000/- |
| 05. | 12 बोर बंदूक | रू. 30000/- |

माओवादियों से अपील

* हिंसा त्याग कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो।
* निर्दोष आदिवासियों की हत्या व खून-खराबा बंद कर शांति में सहायक एवं आदिवासियों के विकास में सहयोग दे।
* सरकारी सम्पत्ति सड़क, स्कूल भवन आदि को नुकसान न पहुँचाएं क्षेत्र के विकास में सहायक बनें।

विनीत - पुलिस अधीक्षक, कोण्डागांव

संकलनकर्ता-अनुज कुमार ब्यूरोचीफ, कोण्डागांव, मोबाइल-91099314941, 7999320344 anujnewsdesk27@gmail.com

## संपादकीय

### राष्ट्रीय राजधानी बरसात का शिकार

**राष्ट्रीय राजधानी** बरसात के कारण पैदा जलभराव व अन्य समस्याओं से जूझ रही है। टी.एस. इलियट ने अपनी प्रख्यात कविता 'द वेस्ट लैंड' में लिखा था कि 'अप्रैल सबसे क्रूरतम महीना है।' हालांकि, वे अलग संदर्भ में अलग स्थान के बारे में लिख रहे थे, पर यदि वे अगस्त में दिल्ली आ जाते तो शायद ऐसा ही अनुभव करते। इस साल मानसून अच्छा रहा, पर दिल्लीवासियों के लिए भारी बरसात विरले ही अच्छी खबर लाती है। ऐसे में उनको जलभराव, ट्रैफिक जाम, अनेक प्रकार की बीमारियों, गंदे पानी, बिजली की आवाजाही तथा अनेक अन्य समस्याओं के लिए स्वयं को तैयार रखना होता है। सड़कें नदियों में बदल जाती हैं, ट्रैफिक थम जाता है और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। यह दृश्य बहुत आम हो गया है क्योंकि हर मानसून में शहर इन्हीं समस्याओं का सामना करता है। लेकिन अपने विस्तृत संरचनात्मक ढांचे तथा संसाधनों के बावजूद दिल्ली को हर साल लगातार ऐसी अव्यवस्था का सामना क्यों करना पड़ता है? इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है कि हर साल आने वाली इस मुसीबत को घटाने के लिए क्या किया जा सकता है? पिछले 24 घंटे में हुई भारी बरसात ने दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में भयानक जलभराव पैदा किया जिनमें कनाट प्लेस, मिंटो रोड और रिंग रोड शामिल हैं। आने जाने वाले ट्रैफिक जाम में घंटों फंसे रहे और पैदल यात्री बाढ़ में डूबी सड़कों से निकलने के लिए संघर्ष करते रहे। पानी बहुत अधिक होने के कारण जल निकासी व्यवस्था विफल हो गई जिससे अनेक प्रकार की समस्यायें पैदा हुईं। इनमें सार्वजनिक परिवहन का थमना तथा बिजली चली जाना शामिल है।



निचले क्षेत्रों में रहने वाले सर्वाधिक प्रभावित थे क्योंकि पानी उनके घरों में घुस गया और इसके कारण संपत्ति का भारी नुकसान हुआ। दुर्भाग्य से यह हर साल होने वाली बात हो गई है कि भारी बरसात के कारण ढांचागत संरचना बेकार सिद्ध होती है। इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू होता है, समस्याओं से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया की जाती है तथा विभिन्न प्रकार के सुधारों के लिए पैसा आवंटित होता है। लेकिन अगले साल ये सारे प्रयास फिर पानी में बह जाते हैं और शहर फिर मौसम की मेहरबानी पर निर्भर हो जाता है। इस साल पैदा होने वाली इस समस्या का कारण तलाशना और उसे दूर करना कोई 'राकेट साइंस' नहीं है। निश्चित रूप से अधिकारी इसके बारे में जानते होंगे, लेकिन योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होता है। महानगरीय केन्द्र होने के बावजूद दिल्ली की जल निकासी व्यवस्था आदिम जमाने की है और उसका ठीक से रखरखाव नहीं होता है। इसके साथ तेज और अक्सर अनियोजित शहरी विकास के कारण जल भंडारों और 'हरित स्थानों' पर अवैध कब्जे हुए हैं। पहले ये क्षेत्र बरसात का अतिरिक्त पानी सोख लेते थे, पर अब उनके स्थान पर कंक्रीट के ढांचे खड़े हैं जिससे जल निकासी में समस्या पैदा होती है। ऐसे अवैध कब्जे तत्काल हटाने तथा जल निकासी व्यवस्था को अद्यतन बनाने की जरूरत है। लेकिन दुर्भाग्य से दिल्ली में नगर नियोजन टुकड़ों में विभाजित है और विभिन्न विभागों के बीच कोई समन्वय नहीं है। समन्वित दृष्टिकोण की कमी से अनेक स्थानों पर बिना जल निकासी व्यवस्था के सड़कें बना दी गई हैं। दिल्ली को एक बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है जिसमें तत्कालीन चुनौतियों के साथ दीर्घकालीन समस्याओं को भी संबोधित किया गया हो। इसके लिए जल निकासी व्यवस्था की लगातार निगरानी तथा मौसम पूर्वानुमान माडलिंग जैसी स्मार्ट तकनीकों की आवश्यकता है। भारी बरसात के कारण पैदा समस्याओं से निपटने के लिए सुनिश्चित उपाय तथा निर्णायक कार्रवाई फौरन की जानी चाहिए।

# बांग्लादेश में यूनुस सरकार

दुनिया भर के लोग ढाका में तख्तापलट के बाद बदलते सत्ता समीकरण पर गौर कर रहे हैं। एक समय शांतिपूर्ण रहा यह देश अब अराजकता में डूब गया है।

**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



दक्षिण एशिया का सबसे युवा राष्ट्र अब चार दिन की भारी उथलपुथल और सत्ता की अनुपस्थिति के बाद अब नए युग में प्रवेश कर रहा है। 171 मिलियन जनसंख्या वाले इस देश को एक नए 'मसीहा' मिल गए हैं जिन्होंने पेरिस से आकर वहां सत्ता संभाली है। यदि शेख हसीना सत्ता में बनी रहतीं तो उनको भ्रष्टाचार के आरोप में शायद आजन्म कारावास की सजा दे देतीं। 15 साल तक शासन संभालने के बाद हसीना के पलायन के अगले ही दिन वे वहां सत्ता संभालने पहुंच गए। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल ली है।

14 सदस्यों वाली अंतरिम सरकार में एक हिंदू मनोचिकित्सक तथा एक बौद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता शामिल है जिसका नेतृत्व मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं। चिन्ताजनक रूप से इनमें से अधिकांश सदस्य पश्चिम-प्रायोजित एनजीओ के प्रमुख हैं, जिससे पर्दे के पीछे रहने वाले वास्तविक षड्यंत्रकारियों की असलियत सामने आती है। हसीना के कार्यकाल में उनको अपना एनजीओ चलाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। उनमें से अनेक को उत्पीड़न, दमन और यहां तक कि जेल की सजा का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब वे अपने 'पैमाने' स्थापित कर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर यूनुस को संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च सिविलियन सम्मानों 'कांग्रेसनल गोल्ड मैडल' तथा 'प्रेसीडेंट मैडल आफ फ्रीडम' से सम्मानित किया गया है। आने वाले महीनों में स्पष्ट होगा कि ढाका में हुए राजनीतिक परिवर्तनों का सीमापार क्या प्रभाव पड़ेगा। शेख हसीना का तख्तापलट के बाद लगभग 300 लोग मारे गए हैं, व्यापक लूटपाट हुई है, अल्पसंख्यकों पर हमले हुए हैं तथा राज्य संस्थानों को कुचला गया है। बांग्लादेश से आने वाली तस्वीरों में परेशान करने वाली हिंसा तथा हिंदू मंदिर जलाने की घटनायें सामने आई हैं।

बांग्लादेश में दंगे अवामी लीग के खिलाफ विरोध से आगे गए हैं जिससे गहरे विभाजनों का पता चलता है। इसके साथ ही बांग्लादेश में गहराई तक व्याप्त भारत-विरोधी भावनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है जिसकी शुरुआत अनिवासी भारतीयों के खिलाफ 'इंडिया आउट' अभियान से हुई थी। दुर्भाग्य से दिल्ली के नीति निर्माताओं ने इन भावनाओं को अनदेखा किया तथा शेख हसीना पर अत्यधिक विश्वास किया। बांग्लादेश में हुए रक्तपात तथा इससे जुड़ी घटनाओं ने सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र का संकेत दिया है जिसे समय की कसौटी पर खरी सिद्ध हुई शेख हसीना का तख्तापलट करने के लिए लागू किया गया। हालांकि, शेख हसीना अनेक विवादों में घिरी थीं, लेकिन 'बंगबंधु' की मूर्तियों को अपमानजनक ढंग से गिराए जाने से बगदाद में सद्दाम हुसेन की मूर्ति गिराए जाने की याद ताजा हो जाती है। 'बंगबंधु' के नाम से लोकप्रिय शेख मुजीबुर रहमान ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपनी राजनीतिक विचारधारा और प्रतिबद्धता से बांग्लादेश की स्थापना की थी।

शुरुआती चुनौतियों का सामना करने के बाद अब इस देश में फिर से भय का वातावरण है। यह स्थिति पूरी तरह अराजकता प्रकट करती है। यह कोई क्रांति नहीं है क्योंकि क्रांतियों का उद्देश्य लोगों के जीवन में सुधार होता है और इनमें निहत्थे नागरिकों तथा राजनीतिक दृष्टिकोण या धार्मिक विश्वास का विरोध करने वालों के खिलाफ रक्तपात का कोई स्थान नहीं होता है। लेकिन बांग्लादेश के जन्म लेने से पहले हिंसक इतिहास को देखते हुए लगता है कि यह एक और निंदनीय कालखंड से गुजर रहा है।

क्या यह केवल छात्र विद्रोह है या कोई पर्दे के पीछे से स्थिति का लाभ उठाने का षड्यंत्र कर रहा था? जब राजनीतिक बुद्धिजीवी विरोध प्रदर्शनों से गायब हों और इसे केवल भावनाओं के विस्फोट तक सीमित रखा जाए तो इससे ऐसा माहौल बनता है जिसमें नई व अत्यधिक भयानक परिस्थितियां पैदा होती हैं। अंततः यह दुष्चक्र समान विफलताओं को दुहराता है। काली टीशर्ट पहने एक बेरोजगार नौजवान को पुलिसमैन द्वारा गोली मारे जाने से अशांति और भड़की। हसीना के हाथ खून से रंगे हैं, चाहे यह उनके सीधे आदेशों से हुआ हो अथवा इनके पीछे वे लोग हों जिन्होंने प्रदर्शनकारियों पर दमनकारी बल प्रयोग का आदेश दिया। इनकी जवाबदेही तय करना जरूरी हो गया है। भारत की सहायता को धन्यवाद जिसके कारण हसीना को मुआमार गद्दाफी जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। जनवरी के चुनाव में हसीना ने विधायी पक्षपात के माध्यम से सत्ता के दुरुपयोग का फंदा तैयार किया था और अपने विरोधियों को चिकित्सकीय सहायता तक से वंचित कर दिया था। उनके विरोधियों ने विस्फोट के लिए 'आरक्षण मुद्दे' का प्रयोग किया। हालांकि, शेख हसीना ने इस मुद्दे को संबोधित किया, पर वे यह समझने में विफल रहीं कि यह तो केवल एक बहाना था। वे यह भी नहीं समझ सकीं कि किसी लोकतंत्र में केवल ऐतिहासिक घटनाओं के आधार पर 15 साल चले शासन का प्रबंधन नहीं किया जा सकता है। लेकिन इतिहास हमें एक मूल्यवान सबक देता है। फिलीपीन्स में फर्दीनंद मार्कोस के तख्तापलट के बावजूद उनके परिवार का प्रभाव बना रहा और उनके बेटे ने 2021 में सत्ता में वापसी की। यह राजनीति का चरित्र है। हालांकि, इसके बाद जो भी सत्ता में आएगा उसे अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

वर्तमान स्थिति पर टिप्पणी करते हुए अमेरिका के विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने अपने देश की वैश्विक महत्वाकांक्षायें प्रकट करते हुए बांग्लादेश की जनता से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि 'अंतरिम सरकार द्वारा लिए गए कोई निर्णय लोकतांत्रिक सिद्धान्तों का सम्मान करने वाले, कानून के शासन को महत्व देने वाले तथा जनता की इच्छा प्रकट करने वाले होने चाहिए।' यह बयान यूक्रेन में एफ-16 लड़ाकू विमान पहुंचने, इजराइल को लगातार हथियारों की सप्लाई जारी रखने तथा उनके अपने देश में कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा अश्वेत महिला सोन्या मैसी की हत्या के बाद आया। इससे पता चलता है कि अमेरिका कानून के शासन और अंतरराष्ट्रीय मानकों की कितनी परवाह करता है। लेकिन अनेक राजनेताओं के साथ हुई घटनाओं के एकदम उलट बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को फौरन भारत का समर्थन मिला। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि विपक्षी पार्टियों का दमन करने के बावजूद शेख हसीना पुनः चुनाव जीती थीं।

लेकिन चुनाव में अपने व्यवहार के कारण जनता की उनके प्रति नाराजी बढ़ रही थी। लेकिन क्षेत्रीय शक्तियों का समर्थन प्राप्त करना निश्चित रूप से उनको प्रभावशाली और शक्तिशाली बना रहा था। उन्होंने भारत, चीन, रूस और जापान को जो विकास परियोजनायें दीं, उससे उनकी विदेश नीति क्षेत्र में साहसी निर्णय लेने की क्षमता स्पष्ट होती है। उन्होंने भारत और चीन के बीच प्रभावी संतुलन स्थापित कर दिखा दिया कि वे समकालीन राजनीतिक इतिहास में किसी अन्य दक्षिण एशियाई नेता से कम प्रभावशाली नहीं हैं। पश्चिम के भारी दबाव के बावजूद शेख हसीना के चीन के साथ अच्छे संबंध बने रहे।

नरेन्द्र मोदी के हालिया लोकसभा चुनाव में पुनः विजय के बाद शेख हसीना भारत गईं। लेकिन इसके फौरन बाद वे चीन-प्रायोजित विकास परियोजनाओं पर बात करने के लिए चीन भी गईं। लेकिन शायद उस समय तक देश में उनका भविष्य अंधकारमय हो गया था। इस संदर्भ में इलोन मस्क की वेनेजुएला पर हालिया टिप्पणी महत्वपूर्ण है-'हम अपनी इच्छा से कहीं भी सैनिक विद्रोह करवा कर उससे निपट लेंगे।' मुनाफे से संचालित सोशल मीडिया और भावनात्मक उथलपुथल वाली राजनीति के चलते बांग्लादेश के बेरोजगार नौजवानों ने अपने देश में परिवर्तनकारी विस्फोट किया है। लेकिन वे जल्दी ही इसका यथार्थ समझ लेंगे। पश्चिम की महत्वाकांक्षायें अस्थिर देशों में विनाश और तोड़फोड़ पर केन्द्रित होती हैं और आजीविका में सुधार उनका लक्ष्य नहीं होता है। लगता है कि बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार यह असली राजनीतिक खेल समझती है। हालांकि, अभी अंतरिम सरकार के बारे में राय व्यक्त करना उचित नहीं होगा, पर यह स्थिति भारत, चीन और पूरे एशिया के लिए महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती है।

# पुष्पांजलि मेडिकॉन 2024: एक बेजोड़ सम्मेलन

> इस अनोखे मेडिकल सम्मेलन में लीवर के स्वास्थ्य से लेकर सेक्स और सेहत के बीच अक्सर नज़रअंदाज़ किए जाने वाले संबंध तक के विषयों पर चर्चा की गई।

**विवेक शुक्ला**
(लेखक स्तम्भकार हैं)



ऐसा हर रोज नहीं होता कि आप भारत के शीर्ष चिकित्सा पेशेवरों को एक छत के नीचे विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों पर चर्चा करने और स्वस्थ जीवन जीने के बारे में सलाह देने के लिए इकट्ठा होते देखें। इस दुर्लभ अवसर ने सभी उम्र के लोगों को बड़ी संख्या में राजधानी में खींचा, जो इन प्रसिद्ध डॉक्टरों की अंतर्दृष्टि और ज्ञान को सुनने के लिए उत्सुक थे।

यह महत्वपूर्ण आयोजन भारतीय चिकित्सा संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल और उनकी समर्पित टीम के अथक प्रयासों से संभव हुआ, जिन्होंने पुष्पांजलि मेडिकॉन 2024 सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन को गर्भावस्था से संबंधित तीव्र किडनी की चोट, सिरदर्द प्रबंधन, चक्कर आने का रहस्य, आत्महत्या की रोकथाम, फैटी लीवर और प्रजनन स्वास्थ्य के मुद्दों सहित कई विषयों को कवर करने के लिए सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध किया गया था। इस कार्यक्रम में राजधानी और मुंबई, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों के प्रमुख डॉक्टरों ने भाग लिया।

सबसे प्रतिष्ठित सत्रों में से एक का नेतृत्व प्रतिष्ठित चिकित्सक और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. शिव कुमार सरीन ने किया, जिन्होंने लीवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने पर अपनी बात से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. सरीन ने हमारे चयापचय स्वास्थ्य के नियंत्रक और आभार के रूप में लीवर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, इसकी तुलना एक चार्टर्ड अकाउंटेंट से की जो हमारे शरीर के सेवन और व्यय का सावधानीपूर्वक रिकॉर्ड रखता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कोई भी अधिशेष, चाहे आनुवंशिक कारकों से हो या अत्यधिक कैलोरी खपत से, फैटी लीवर रोग का



कारण बन सकता है। यह स्थिति अग्न्याशय को अधिक इंसुलिन का उत्पादन करने के लिए मजबूर करती है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः मधुमेह हो सकता है। इसके अलावा, लीवर में अतिरिक्त वसा सिर्फ वहीं नहीं रहती है; यह पूरे शरीर में फैलती है, जिससे संभावित रूप से पित्त पथरी जैसी जटिलताएं हो सकती हैं। एक अन्य उल्लेखनीय वक्ता, बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज के नवनियुक्त कुलपति और दिल्ली में डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के पूर्व डीन डॉ. राजीव सूद ने प्रोस्टेट स्वास्थ्य के प्रबंधन पर अपनी विशेषज्ञता साझा की। उनके सत्र ने एक ऐसे विषय पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है लेकिन पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर उम्र बढ़ने के साथ। सबसे दिलचस्प सत्रों में से एक, सेक्स की कोई समाप्ति तिथि नहीं होती, विषय पर था, जिसे मुंबई स्थित यौन स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. दीपक जुमानी ने दिया। डॉ. जुमानी ने एक ऐसे विषय पर उल्लेखनीय वाक्पटुता के साथ बात की जिस पर शायद ही कभी खुलकर चर्चा की जाती है, खासकर ऐसे मंचों पर।

उन्होंने सेक्स और समग्र स्वास्थ्य के बीच निर्विवाद संबंध पर जोर दिया, तर्क दिया कि यौन गतिविधि सबसे महत्वपूर्ण जैविक कार्यों में से एक है, जो एक पूर्ण जीवन के लिए आवश्यक है। खचाखच भरे दर्शकों को संबोधित करते हुए, डॉ. जुमानी ने जोर देकर कहा कि यौन सुख एक व्यक्तिगत मामला और एक मौलिक अधिकार दोनों है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी यौन विकारों को प्रबंधित किया जा सकता है, जिससे सभी उम्र के व्यक्ति यौन रूप से संतुष्ट जीवन जी सकते हैं। इस अनूठे स्वास्थ्य सम्मेलन की सफलता, जहां शीर्ष डॉक्टरों ने चिकित्सा पेशेवरों और आम जनता दोनों के साथ बातचीत की, वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है। पुष्पांजलि मेडिकॉन 2024 जैसे सम्मेलनों के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। इसी तरह के आयोजन पूरे देश में होने चाहिए। डॉ. अग्रवाल का तर्क है कि डॉक्टरों, रोगियों और चिकित्सा पेशेवरों के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं। पुष्पांजलि मेडिकॉन जैसे स्वास्थ्य सेवा सम्मेलन केवल औपचारिक आयोजन नहीं हैं; वे चिकित्सा क्षेत्र के भीतर नवाचार और सहयोग के केंद्र हैं। ये सम्मेलन उद्योग के साथियों के साथ नेटवर्किंग के अमूल्य अवसर प्रदान करते हैं, जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

वे निरंतर चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) सत्र भी प्रदान करते हैं जो स्वास्थ्य सेवा में नवीनतम प्रगति के साथ अपडेट रहने के लिए आवश्यक हैं। शैक्षिक मूल्य से परे, ये सम्मेलन प्रेरणादायक और ताज़ा हैं, जो नई अंतर्दृष्टि और कनेक्शन प्राप्त करते हुए रिचार्ज करने का मौका देते हैं।

## आप की बात

### वक़्फ़ विधेयक

**सरकार** द्वारा पेश नया वक्फ विधेयक पुरानी कमियों को सुधारने और तुष्टिकरण के चलते दिए गए असीमित अधिकारों को न्यायसंगत बनाने के लिए अति आवश्यक है। वक्फबोर्ड का गठन, फिर उसमें संशोधन और 2013 में ऐसे असीमित अधिकार देना किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है जिन्हें सुप्रीमकोर्ट में भी चैलेंज नहीं किया जा सकता हो। ऐसे अधिकार निश्चित रूप से असंवैधानिक थे। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसके विरोध से स्पष्ट है कि वोटबैंक के चलते सत्ता तक पहुंचने के लालच में कुछ दल संविधान की धज्जियां उड़ाने को भी तत्पर हैं। नए विधेयक को संसदीय समिति को सौंपा गया है। उम्मीद करनी चाहिए कि संसदीय समिति के उचित सुझावों के साथ यह विधेयक संसद के अगले सत्र में विचारार्थ रखा जाएगा। सरकार का इरादा वक्फ में शियों और सुन्नियों के साथ ही सूफियों, कादियानियों व बोहराओं को उचित प्रतिनिधित्व देना है। इसके साथ ही वक्फ बोर्डों में महिलाओं को भी समुचित स्थान देना चाहती है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। अनेक तटस्थ व मध्यमार्गी मुस्लिम बुद्धिजीवी भी दुनिया के अन्य इस्लामी देशों की तरह वक्फ कानूनों में संशोधन चाहते हैं, पर कट्टरपंथी व तुष्टीकरण समर्थक इसका चुनावी स्वार्थ से विरोध कर रहे हैं।

–सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

### फ़ारुख़ अब्दुल्ला का बयान

**जम्मू कश्मीर** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के मुखिया फारुख अब्दुल्ला ने फिर एक बेतुका बयान दिया है। इससे उनकी ओछी मानसिकता का पता चलता है। उन्होंने सीमापार से घुसपैठ के लिए आतंकियों एवं सुरक्षा बलों की कथित मिलीभगत को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि सीमाओं पर इतनी बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती के बाद भी आतंकी भारत में घुसपैठ करते हैं, जिससे लगता है कि यह सब आपस में मिले हुए हैं। शर्म की बात है जो व्यक्ति इसी प्रांत का मुख्यमंत्री रह चुका है, वह देश की बहादुर सेना पर इतना घटिया इल्जाम लगा रहा है। भारतीय सेना अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से ही लगातार ऑपरेशन ऑल आउट चला रही है जिसके अंतर्गत आतंकियों को चुन-चुन कर मारा जा रहा है जिसमें सेना के अनेक जवान व अधिकारी शहीद हो रहे हैं। वास्तव में फारूक अब्दुल्ला का यह बयान उनकी निराशा का प्रतीक है क्योंकि जम्मू कश्मीर की जनता कई दशक बाद आज लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का अनुभव कर रही है, उसने लोकसभा चुनाव में रिकार्डतोड़ मतदान किया है और विधानसभा चुनाव में भी ऐसा ही करने वाली है। लेकिन अब राज्य में अब्दुल्ला परिवार की राजनीति समाप्त हो रही है।

– मनमोहन राजावत, शाजापुर

### ओलम्पिक के सबक

**पेरिस** से पांच कांस्य और एक रजत पदक के साथ भारतीय टीम देश में लौट आई है। हम भले ही अपनी पीठ कितनी ही थपथपा लें, पर कुल मिलाकर यह प्रदर्शन आशाजनक नहीं रहा है। 2028 के ओलंपिक में अधिक पदक प्राप्त करने की तैयारी अभी से होनी चाहिए। भावी टीमों के लिए खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें अभी से कठोर प्रशिक्षण देना चाहिए। हमारे देश में क्रिकेट के अलावा ओलंपिक के सभी खेलों के कोई बड़े आयोजन नहीं होते हैं। यदि ओलंपिक में होने वाले खेलों के राष्ट्रीय आयोजन किए जाएं और उनमें से योग्य प्रतिभाओं का चयन किया जाए तो अच्छा होगा। हालांकि, अगले ओलम्पिक में क्रिकेट को भी शामिल किया गया है जो क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। लेकिन हमें सभी खेलों पर ध्यान देना चाहिए। नीरज चोपड़ा ने पहले प्रयास में ही फाइनल में प्रवेश कर लिया था फिर उनका स्वर्ण की जगह रजत पदक पाना दुखदाई है। हमारे 6 एथलीट छठे नंबर पर रहे यदि इन्हें और बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता तो यह भी पदक ला सकते थे। निजी उद्यम विभिन्न क्षेत्र के खिलाड़ियों की सहायता के लिए अन्य कदम भी उठा सकते हैं, हालांकि इनकी खेलों में सहभागिता बढ़ना निश्चित रूप से स्वागत योग्य कदम जरूर है।

– विभूति बुपक्या, खाचरोद

### आतंकियों के मददगार

**आतंकियों** के मददगारों की हर स्तर पर जांच होनी चाहिए। विडंबना है कि जम्मू कश्मीर में कुछ पुलिसकर्मी अपना दायित्व निभाने के बजाय आतंकियों के साथ ड्रग्स के कारोबार और टेरर फंडिंग जैसी गतिविधियों में मददगार साबित हुए हैं। ऐसे तत्वों की देश-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कठोरतम कदम उठा कर उनको ऐसी सजा देनी चाहिए जिससे कोई अन्य पुलिसकर्मी या सरकारी कर्मचारी आतंकियों की सहायता की हिम्मत न कर सके। हालांकि, ऐसे दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया गया है, पर उनके खिलाफ और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इनको कठोर सजा के साथ सरकार से प्राप्त वेतन की राजस्व बकाये की तरह वसूली भी की जानी चाहिए। आतंकवादियों के मददगार और देश-विरोधी कार्यों में लिप्त घुसपैठियों, आम नागरिकों और पुलिसकर्मियों, आदि की बारीकी से जांच होनी चाहिए। जम्मू कश्मीर सरकार, सेना तथा पुलिस को नागरिकों के बीच जागरूकता व मैत्री अभियान चलाना चाहिए ताकि उनको आतंकियों की सहायता करने से नैतिक रूप से रोकने में सफलता मिल सके।

**बी.एल. शर्मा**, उज्जैन

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन्य प्राणियों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

वन परिक्षेत्राधिकारी बीजापुर
सामान्य वनमण्डल बीजापुर

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन्य एवं प्राणियों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

वन परिक्षेत्राधिकारी आवापल्ली
वनमण्डल बीजापुर

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन्य प्राणियों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

वन परिक्षेत्राधिकारी भोपालपट्टनम
सामान्य वनमण्डल बीजापुर

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन्य प्राणियों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

वन परिक्षेत्राधिकारी मद्देड़
सामान्य वनमण्डल बीजापुर

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन्य प्राणियों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

वन परिक्षेत्राधिकारी पामेड़
वनमण्डल बीजापुर

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन्य प्राणियों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

वन परिक्षेत्राधिकारी भैरमगढ़
सामान्य वनमण्डल बीजापुर

15 August
INDEPENDENCE DAY

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन्य प्राणियों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

वन परिक्षेत्राधिकारी भैरमगढ़ बफर
वनमण्डल बीजापुर

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वन्य एवं प्राणियों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

वन परिक्षेत्राधिकारी गंगालूर
वनमण्डल बीजापुर

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

सरपंच, सचिव
ग्राम पंचायत-बोरजे, जनपद पंचायत-बीजापुर

प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा

15 August
INDEPENDENCE DAY

सरपंच, सचिव
ग्राम पंचायत-बासागुड़ा, जनपद पंचायत-आवापल्ली


संकलनकर्ता - बसंत मामडीकर ब्यूरोचीफ, बीजापुर, मोबाईल - 75871-92575, 62601-23100



मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

विनीत
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
देवभोग, जिला-गरियाबंद

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जयहिंद
अमर जवान

नेहा सिंगल
अध्यक्ष
जनपद पंचायत
देवभोग

विनीत :- मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत देवभोग, जिला-गरियाबंद

कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय
की ओर स्वतंत्रता दिवस
की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं



विनीत
कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय
देवभोग, जिला-गरियाबंद

समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्रीमती गीतांजली मरकाम
सरपंच



ओम कश्यप
ग्राम पंचायत सचिव

विनीत :- समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
ग्राम पंचायत सेंदमुड़ा विकासखंड देवभोग

संकलनकर्ता - टेकलाल प्रधान ब्यूरोचीफ, गरियाबंद, मोबाईल - 6263051723




## छत्तीसगढ़ के 25 पुलिस अधिकारी, पुलिस वीरता, विशिष्ट सेवा एवं सराहनीय सेवा पदक से होंगे सम्मानित

**रायपुर।** भारत शासन, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस, 2024 के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक एवं सराहनीय सेवा पदक से विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा तथा पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने पदक से विभूषित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। शिशुपाल सिन्हा, निरीक्षक, जिला बालोद, निर्मल जांगड़े, उप निरीक्षक, हाल निरीक्षक, जिला कांकेर, अमैया चिलमुल, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, फुल्ला गोपाल, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, तुलाराम कुहरामी, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, गोपाल बोड्डु, आरक्षक, जिला बीजापुर, हेमन्त एण्ड्रिक, आरक्षक, जिला बीजापुर, मोती लाल राठौर, आरक्षक, जिला बीजापुर, गोविन्द सोढ़ी, आरक्षक, जिला बीजापुर, सुकारू राम, आरक्षक, जिला बीजापुर, मुन्ना कड़ती, आरक्षक, जिला बीजापुर, कृष्णा गाली, आरक्षक, जिला बीजापुर, भीमा, आरक्षक, जिला बीजापुर, धनीराम कोरसा, आरक्षक, जिला बीजापुर, कृष्णा ताती, आरक्षक, जिला बीजापुर। विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक - 01 आनंद सिंह रावत, सहायक सेनानी, पीटीसी बोरगांव। सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक - 09 सुशील चंद्र द्विवेदी, पुलिस महानिरीक्षक, अअवि, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर, राहुल भगत, सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन, रायपुर, राजकुमार मिंज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला, माना-रायपुर, गुरजीत सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, जिला रायपुर, प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक सेनानी, माननीय मुख्यमंत्री सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, रायपुर, प्रभु लाल कोमरे, कंपनी कमाण्डर, 19वीं वाहिनी, छसबल, जगदलपुर, द्वारिका प्रसाद मिश्रा, उप निरीक्षक, जिला बस्तर, धरम सिंह नरेटी, प्रधान आरक्षक, जिला सुकमा, रविन्द्र कुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक, जिला कांकेर।

## 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम सरगुजा में करेंगे झण्डा-वंदन

**रायपुर।** कृषि विकास और आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल 15 अगस्त को सरगुजा (अम्बिकापुर) में झण्डा-वंदन करेंगे तथा मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इस मौके पर जवानों द्वारा मार्च-पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा और विद्यार्थियों द्वारा रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंत्री नेताम द्वारा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को भी सम्मानित करेंगे।







































संकलनकर्ता - दिनेश दुबे, ब्यूरो चीफ बेमेतरा, मो. 99938-60851

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने भिलाई-चरौदा निगम द्वारा आयोजित की गयी तिरंगा रैली

## दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के साथ अहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा हुए कार्यक्रम में शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ शासन संस्कृति विभाग से प्राप्त निर्देश एवं जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में भिलाई-चरौदा निगम द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह 09 अगस्त 2024 से लेकर 15 अगस्त 2024 के मध्य विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें राष्ट्रीय ध्वज के साथ पैदल मार्च और बाइक रैली निकाल लोगो को तिरंग झण्डे के प्रति सम्मान एवं आदर की भावना को बढावा देना है। इसी के तहत मंगलवार दिनांक 13 अगस्त 2024 की भिलाई चरौदा निगम कार्यालय से दोपहर 03 बजे तिरंगा रैली निकाली गयी। जिसका नेतृत्व दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल एवं अहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से शहर को गुंजायमान करते हुए तिरंगा रैली निकाली गयी। जिसमें निगम कमिश्नर डी एस राजपूत के साथ सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। निगम कार्यालय से अन्नपूर्णा भवन के रास्ते बाजार वार्ड के जैन मंदिर के रास्ते से तिरंगा रैली मुख्य सडक तक पहुंची। इसके बाद पुलिस थाना भिलाई-3 के सामने से होकर निगम कार्यालय गेट पर तिरंगा रैली का समापन किया गया। गौरतलब है कि निगम परिवार द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली को भिलाई-3 चरौदा क्षेत्र के नागरिकों द्वारा अच्छा प्रतिसाद देते हुए जगह जगह अभिवादन किया गया। साथ ही गणमान्य नागरिकों द्वारा तिरंगा रैली में अपनी सहभागिता भी प्रदान की गयी। इस दौरान भिलाई-चरौदा निगम के नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विपिन चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, वार्ड-17 शांति नगर के पार्षद फिरोज फारूकी, वार्ड-16 की पार्षद प्रेमलता चन्द्राकर, वार्ड-24 के पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा, वार्ड-02 हथखोज बस्ती के पार्षद राकेश बंछोर, वार्ड-29 के पार्षद चंद्रप्रकाश पांडेय, वार्ड-12 के पार्षद तुलसी ध्रुव, वार्ड-10 के पार्षद गुरूचरण सिंह, वार्ड-21 के पार्षद संजय यादव, वार्ड-22 के पार्षद निशा राजेश यादव के साथ सुबतो दास गुप्ता के साथ मुकेश अग्रवाल, कार्यक्रम में शामिल हुए। वही निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहा. अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहा. अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहा. अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उम अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, सहा. लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, सहा.राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे व स्व सहायता समूह की महिलाओं सहित क्षेत्र के नागरिकों द्वारा तिरंगा रैली में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# 23वी छत्तीसगढ़ राज्य शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ प्रदेश निशानेबाजी प्रतियोगिता का शुभारभ हुआ, राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता का उदघाटन pwd सचिव डॉ के पी सिंह द्वारा किया गया। उदघाटन के दौरान के पी सिंह ने प्रदेश से आए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इस प्रतियोगिता को पहली सीढ़ी बताया और इस प्रतियोगिता के जरिए किस तरह से राज्यस्तरीय और राज्यस्तरीय से राष्ट्रीय स्तरीय कैसे जा सकते हैं इसके बारे में भी बताया उन्होंने 2024 के पेरिस ओलंपिक की मनु बाखर का भी जिक्र किया और बताया कि किस तरह से मनु बाखर ने जिंदगी की चुनौतियों को पार कर अपना मुकाम हासिल किया। उन्होंने पिस्टल का निशाना साधते हुए प्रतियोगिता की शुरुआत की, बता दे कि जहां पिछले साल 346 खिलाड़ियों ने इसमें प्रतियोगिता में भाग लिया था वहीं इस बार 350 के ऊपर रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और 14अगस्त को खिलाड़ी अपनी प्रैक्टिस करेंगे। शूटिंग प्रतियोगिता में शूटिंग मेंटर्स के लिए विशेष NRAI नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा चयनित सदस्य शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की बारीकी से जांच करेंगे 4 सदस्यीय टीम प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की शूटिंग को परखेंगे, इस प्रतियोगिता के क्वालीफाइड प्रतिभागी प्री नेशनल के लिए अपनी जगह बना सकेंगे। बता दे कि छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में 10मीटर एयर राइफल,व पिस्टल तथा 50मीटर एयर राइफल, 25मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पोर्ट्स पिस्टल और सेंटर फायर पिस्टल इवेंट होंगे। यह प्रतियोगिता हर साल जिंदल स्टील एंड पावर के तत्वाधान में आयोजित की जाती है यह प्रतियोगिता 23अगस्त तक आयोजित कि जाएगी जिसमें सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर मेडल प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन में जिंदल स्टील एवं पावर लिमिटेड के प्रेसिडेंट प्रदीप टंडन,जनरल सेक्रेटरी छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन राकेश गुप्ता व यूपी सिंह मौजूद रहे।

# टाटा पावर सोलर ने छत्तीसगढ़ में रूफटॉप सोलर समाधानों को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन हीरोज़ को किया सम्मानित

■ भट्ट एंटरप्राइज़ेज़ ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पूर्वी क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स में हासिल की शानदार जीत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्थायी उर्जा समाधानों में लीडर टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय उर्जा के आधुनिकीकरण में अग्रणी रही है तथा उर्जा के स्थायी समाधानों के माध्यम से स्थानीय उद्योगों जैसे कृषि, आतिथ्य, कोयले के खनन एवं स्टील आदि को लाभान्वित कर रही है, साथ ही रिहायशी समुदायों एवं परिवारों को सशक्त बनाने में भी मुख्य भूमिका निभा रही है। यह प्रगति टाटा पावर सोलर के चैनल पार्टनर नेटवर्क की वजह से ही संभव हो पाई है, जो सौर उर्जा के अडॉप्शन को बढ़ावा देने मेंयोगदान दे रहे हैं। ये पार्टनर्स सुनिश्चित करते हैं कि असंख्य घरों एवं परिवारों के लिए सौर उर्जा को सुलभ बनाने के लिए जल्द से जल्द इन्स्टॉलेशन किया जाए। इस तरह ये क्षेत्र के उर्जा परिवेश पर स्थायी प्रभाव उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन पार्टनर्स के योगदान को सम्मानित करने के लिए टाटा पावर सोलर ने पारदर्शी प्रोत्साहन प्रक्रिया स्थापित की है, जिसके तहत चैनल पार्टनर्स को उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाता है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि पुरस्कार एवं सम्मान स्पष्ट और निष्पक्ष मानकों के आधार पर दिए जाएं। ये सभी प्रयास मेरिट आधारित सिस्टम के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो सभी पार्टनर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से भट्ट एंटरप्राइजेज़ ग्रीन हीरोज़ में से एक रहे, जिन्होनें पूर्वी क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कार जीती। यह उपलब्धि सौर उर्जा के अडॉप्शन को बढ़ावा देने में भट्ट एंटरप्राइज़ेज़ के उत्कृष्ट योगदान और प्रभाव को दर्शाती है। हालांकि टाटा पावर सोलर का यह रिकॉग्निशन प्रोग्राम उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनर्स के दायरे से आगे बढ़कर काम करता है; इसे इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह सभी पार्टनर्स के कल्याण को सुनिश्चित कर उनहें प्रेरित करता है।

# राजस्व वसूली में निगम ने बनाया रिकार्ड, 6 घंटे में निगम के खाते में 20 लाख रुपये से ज्यादा राशि हुई जमा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



बिलासपुर विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल कबीरधाम प्रवास पर रहेंगे। विधायक अग्रवाल 14 अगस्त रात्रि 8 बजे कार द्वारा बिलासपुर से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। रात्रि 10 बजे सर्किट हाउस कवर्धा में आगमन होगा। अग्रवाल 15 अगस्त सुबह 09 बजे जिला मुख्यालय कवर्धा के आचार्यपंथ गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वाजारोहण करेंगे। अग्रवाल परेड का निरीक्षण, सलामी लेंगे और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में हर्ष फायर और मार्च पास्ट के बाद शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह में पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अतिथि प्रस्थान करेंगे। विधायक अमर अग्रवाल सुबह 11 बजे अग्रसेन भवन रायपुर रोड़ में अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हांगे। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे कवर्धा से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल को उनकी वीरता के लिए मिलेगा राष्ट्रपति पदक

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के पुरुर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा का चयन राष्ट्रपति वीरता पदक के लिए हुआ है। यह पदक उनको 12 साल नक्सली क्षेत्र बस्तर में निडरतापूर्वक कार्य करने, बड़े बड़े नक्सली ऑपरेशन को सफल अंजाम देने और झीरम घाटी में नक्सली कमाण्डर को मार गिराने का परिणाम है। जहा उन्हें आने वाले 26 जनवरी 2025 को यह पदक मिलेगा। आप को बता दे कि उप निरीक्षक पद पर छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती हुए शिशुपाल सिन्हा की पहली पदस्थापना बस्तर के सुकमा जिले के सघन नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोलापल्ली में हुई। जहां वो 2012 से 2013 तक रहे, फिर 2013 से 2016 तक तोंगपाल में रहे। उसके बाद डीआरजी कमांडर सुकमा में 2016 से 2018 तक, डीआरजी कमांडर 2018 से 2020 तक बस्तर जिले में रहे। उसके बाद फिर 2020 से 2023 तक दरभा थाना प्रभारी रहे। जिसके बाद उन्हें मैदानी इलाक़ा बालोद जिला भेजा गया। इन 12 साल में लगातार नक्सलियो से कई बार मुठभेड़ भी हुई। जिसमें प्रमुख रहा, 30 जून 2021 को जब सूचना मिली कि झीरम घाटी में बहुत से नक्सलीयों की हलचल है। जहा शिशुपाल अपने पुलिस कप्तान के आदेश के बाद निडर होकर झीरम की तरफ सिर्फ 8 सहयोगियों के साथ निकल गए और बैकप फोर्स के आने का इंतजार किये। कही नक्सली भाग मत जाए, इस बीच मुठभेड़ हो गई। जहा एक नक्सली कमांडर को भी मार गिराया। इसका परिमाण हुआ की शिशुपाल सिन्हा को राष्ट्रपति वीरता पदक मिलने वाला है।

### प्लाटून कमांडर को मारने में कई थी सफलता हासिल

शिशुपाल सिन्हा ने पायनियर से चर्चा में बताया की जो उन्होंने 12 साल बस्तर में सेवा दी है, उसकी परिणीति हैं। वे पदक मिलने की खबर से बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि 30 जून 2021 को जब झीरम घाटी में सूचना मिली कि नक्सलियों की टोली आई हुई है, क्योकि ठीक इसके एक सप्ताह पहले ही बड़ी मुठभेड़ यहां हुई थी, जिसमें 3 माओवादियों को मारा गिराया गया और एके 47 रायफल बरामद किया गया था। जिसके बाद से लगातार नक्सलियों की उपस्तिथि मिल रही थी, वहां उस समय एसपी दीपक झा थे, जिनके द्वारा ही झीरम घाटी जाने आदेशित किया गया था। हम लोग 8 जवान वहां गये, और वहां 26 नम्बर के प्लाटून कमांडर को मारने में सफलता हासिल किए। और इसी का परिणाम है कि 3 साल बाद आज राष्ट्रपति वीरता पदक के लिए मुझे नामांकित किया गया है।

बड़े गर्व की बात है, शिशुपाल सिन्हा को उनके वीरता के किये राष्ट्रपति पुरष्कार दिया जा रहा है, बालोद पुलिस के लिए बड़े गर्व का विषय है, उनको मैं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं।

**एसआर भगत, एसपी, बालोद**

## हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय गौरव और एकता की नई भावना को बढ़ावा देना चाहता है : श्रेया किन्नर



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

समाजसेवी जानकी गुप्ता ,मोहिनी साहू के साथ हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत श्रेया किन्नर ,नैना अम्मा,जन्नत अम्मा,सुष्मिता अम्मा द्वारा महापौर विजय देवांगन ,नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा से भेट वार्ता कर 15 अगस्त की शुभकामनाएं दी एवम् नगर निगम द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए निगम सेल्फी बोर्ड ,हस्ताक्षर अभियान के द्वारा प्रचार प्रसार किया गया।

## स्वतंत्रता का अलख जगाने निकाली गई तिरंगा रैली



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दौड का आयोजन किया गया। यह दौड सुबह 7:30 बजे से स्थानीय गांधी चौक से शुरू होकर गोलबाजार, घडी चौक, भगवती लॉज, देवश्री टॉकिज रोड, शिव चौक, सेंचुरी गार्डन होते हुए गांधी चौक में समाप्त हुई। महापौर विजय देवांगन और पूर्व विधायक रंजना साहू ने इस अवसर पर रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, जिले के अधिकारी.कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और स्कूली बच्चां ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रंजना साहू ने स्वतंत्रता दौड में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की है, हमारा देश हमारे लिए सबसे पहले हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान की वजह से हमारा देश आजाद हुआ है। आज इस स्वतंत्र देश मे हम सभी को देश की शान तिरंगा फहराने का अधिकार है। इस अभियान के तहत हर घर में तिरंगा लगाना है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने स्वतंत्रता दौड के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी की मदद और अच्छाई के लिए दौड लगाना है। प्रतियोगिता में कुछ लोग जीतते हैं, लेकिन सद्भावना की दौड में सभी विजयी होते हैं। आप देश के भविष्य हैं और आप अपने साथ अन्य लोगों की मदद कर सकते हैं। हमारा सर हमेशा देश के सम्मान के लिए उठना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि यह अवसर हमें उन मूल्यों को याद करने का है, जिन्होंने हमारे स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज की दौड में सभी विजेता हैं, सभी आज अपने.अपने घरों में तिरंगा जरूर फहराएं। स्वतत्रता दौड में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक.बालिकाओं को अलग.अलग सम्मानित किया गया। इसके साथ ही खेल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदाय किया गया तथा अतिथियों को औषधि पौधे और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले साहू समाज के शासकीय अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छ .ग . प्रदेश साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी कर्मचारी का सम्मान समारोह रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा उपाध्यक्ष रेखू? राम साहू जो स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य सुपरवाइजर के पद में पदस्थ हैं उन्हें समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान पत्र एवं प्रतिक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने बताया रेखूराम साहू समाज के विभिन्न पदों में रहकर समाज हित में कार्य किया है, अध्यक्ष तहसील साहू युवा प्रकोष्ठ में रहकर अनेक रचनात्मक कार्य किया, स्वास्थ्य शिविर, सिकलसेल उन्मूलन, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, कुष्ठ उन्मूलन, रक्त समूह जांच शिविर, स्वच्छता अभियान, विशाल युवा सम्मेलन, शानदार मंच संचालन, तहसील साहू संघ के सह सचिव के पद में भी कार्य किया है, वर्तमान में तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष के पद में रहकर समाज सेवा कर रहे हैं वे कोविड काल में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। खूशी जाहिर करने वालों में मोहन लाल साहू, लैलन कुमार साहू, तोरण लाल साहू, घना राम साहू, विजय साहू, संत राम साहू, गोविन्द साहू, निर्मल साहू, अंजू साहू, द्रौपती साहू, दामिनी साहू,संगीता साहू, कुंती साहू, रेवती साहू,राधा, छन्नू साहू, सुदर्शन साहू, पुरुषोत्तम साहू, किशन साहू, दीपक साहू, खूब लाल साहू, अजीत साहू, पीयूष साहू, शीतल साहू, , पूर्णिमा साहू, सहित समाज के लोग है।

## कबीरधाम जिले के पंचायत प्रतिनिधि और महिला समूह विशेष अतिथि के रूप में देखेंगे परेड

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए कबीरधाम जिले के पंचायत प्रतिनिधियों और महिला स्व सहायता समूह सहित अन्य सदस्यों का दल विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शामिल होने के लिए जिले के प्रतिभागी नई दिल्ली पहुंच गए हैं। कलेक्टर कबीरधाम जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सहित पंचायत प्रतिनिधियों को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने राज्य शासन द्वारा किया गया है। नामांकित प्रतिभागी जिले का प्रतिनिधित्व नई दिल्ली के समारोह में करेंगे जो कबीरधाम जिले के लिए हर्ष का विषय है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि अंतर्गत सुमिता साहू सरपंच ग्राम पंचायत छोटूपारा जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा और दुखिया बाई पटेल सरपंच ग्राम पंचायत बीरूटोला जनपद पंचायत कवर्धा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हो रही है। इसी तरह से महिला स्व सहायता समूह के सदस्य गौरी देवी साहू जय मां संतोषी स्व सहायता समूह ग्राम बरमूडा जनपद पंचायत कवर्धा शामिल हो रही है। समूह द्वारा आटा चक्की मछली पालन एवं मिनी राइस मिल का व्यवसाय किया जाता है जिसमें सालाना 1 लाख 55 हजार रुपए से अधिक की आमदनी समूह के सदस्यों को होती है। साथ ही कबीरधाम जिले के आकांविकासखंड बोडला में 40 अलग-अलग पैमानों पर हुए उल्लेखनीय कार्यों के लाभार्थी श्याम रतन एवं उनकी पत्नी श्यामा बाई ग्राम पंचायत रहेंगी जनपद पंचायत बोड़ला भी विशेष अतिथि के रूप में नई दिल्ली स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो रहे है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की अलग-अलग योजनाओं के लाभार्थी एवं पंचायत प्रतिनिधियों के दल को जिले एवं राज्य से ले जाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सभी प्रतिभागी विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में राष्ट्र के पर्व में शामिल होंगे। प्रतिभागियों में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है।

## मांगे पूरी नहीं होने पर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे : व्यापारी संघ

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





बालोद जिले एवं डौंडी ब्लॉक के सबसे बड़े नगर दल्ली राजहरा में बीएसपी प्रबंधन एवं जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ और सीएसआर मद की राशि के दुरुपयोग करने और सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र में उसका उपयोग करने की जगह अन्य जिलों सहित अन्य ब्लॉकों में खर्च कर राशि की बंदरबांट किए जाने को लेकर राजहरा व्यापारी संघ के नेतृत्व में 13 अगस्त को जिला कलेक्टर के नाम से एसडीएम आर के सोनकर को ज्ञापन सौंपा गया और मांगे पूरी नहीं होने पर सात दिवस के बाद सड़क की लड़ाई लड़ने की बात कही गई। सौंपे गए ज्ञापन में दल्ली राजहरा सहित आसपास के खनन प्रभावित क्षेत्रों मे आयरन ओर की माइन्सों से बीएसपी प्रबंधन द्वारा लौह अयस्क का उत्खनन किया जाता आ रहा है एवं इसके बदले में खनन प्रभावित क्षेत्रों हेतु करोड़ों रूपये रॉयल्टी स्वरुप जिला खनिज न्यास निधि के रूप में सरकार को देती आ रही है। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत खनिज न्यास निधि का उपयोग खनिज प्रभावित क्षेत्रो में मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी परियोजनाओं में लागू करना होता है । परन्तु प्रभावित क्षेत्रों में इस राशि का उपयोग न कर इससे अन्य जिलों में विकास कार्य किया जा रहा है जो अनुचित है। प्रभावित क्षेत्रो को उनकी मुलभुत सुविधा भी प्रदान नहीं की जा रही है जो कि केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के विरुद्ध है। वर्षो से दल्ली राजहरा एवं खनन से प्रभावित क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल एवं रोजगार जैसे मूलभूत सुविधा हेतु प्रशासन से मांग करते आ रहा है । परन्तु लगभग 50 वर्षो बाद भी किसी भी मांग पर ठोस कदम नहीं उठाया गया एवं अरबो रुपये की बंदरबांट जिले एवं आसपास के क्षेत्रो में नियम विरुद्ध किया जाता आ रहा है। व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने कहा कि पिछले वर्ष भी हमारे द्वारा कुछ मांगो को लेकर आंदोलन किया गया था। उस समय हमें अश्वासन देकर हमारे आंदोलन को समाप्त करवाया दिया गया था किंतु आज पर्यन्त तक कोई कार्य नहीं होने के कारण दल्ली राजहरा एवं आस-पास के प्रभावित क्षेत्र के लोगो में भारी रोष है और अब सब उग्र आन्दोलन करने हेतु बाध्य हो रहे है। संघ के सभी सदस्यों ने कहा कि हमारी सभी मांगो पर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर जिसमे संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को एवं उच्च अधिकारियों को शामिल किया जाये और मांगे पूरी की जाए अन्यथा एक सप्ताह के बाद दल्ली राजहरा सहित डौंडी ब्लॉक की समस्त पंचायतों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। बताया गया कि राजहरा सहित आसपास के क्षेत्र हेतु प्रमुख मांगे प्रकार है। नगर में सर्व सुविधा युक्त 100 बिस्तर सरकारी हॉस्पिटल का निर्माण प्रस्तावित है उसे जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। राजहरा परिवहन संघ को स्थानीय माइंसों से आयरन ओर एवं प्रस्तावित पैलेट प्लांट के उत्पादों को ट्रकों से आयरन ओर परिवहन का कार्य दिया जाये । केन्द्रीय विद्यालय को अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाए एवं राजहरा नगर को एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जाये।लघु उद्योगों की स्थापना हेतु 20 एकड़ जमीन आबंटित की जाये। रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरलीकृत किया जाये। . बायपास सड़क का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ किया जावे। खनन प्रभावित क्षेत्र मे आने वाली नगर पालिका को हर वर्ष 5 करोड़ रुपए, नगर पंचायतो को 3 करोड़ रुपए एवं ग्राम पंचायतो को 50 लाख रुपए अपने अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाने हेतु सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम को ज्ञापन सौंपने हेतु राजहरा व्यापारी संघ के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों सहित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स राजहरा इकाई, अनाज किराना व्यापारी संघ, राजहरा परिवहन संघ, श्रमिक संगठन एसकेएमएस, सीएमएमएस, साहू समाज, मानिकपुरी समाज, निषाद समाज, सेन समाज, देवार समाज, मुस्लिम समाज, सिख समाज, बंगाली समाज, उत्कल समिति, अग्रवाल समाज, मालेकर समाज, सिंधी समाज, जैन समाज, जायसवाल समाज, ब्राह्मण समाज सहित क्षेत्र के जनपद सदस्य, ब्लॉक सरपंच संघ से सभी 62 पंचायतों के सरपंचगण एवं अन्य समाजों सहित नगर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं आमजनता एक साथ विशाल रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा बाइक रैली यात्रा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला सकती एवम भाजयुमो सक्ती के तत्वाधान में 13 अगस्त को सक्ती रेलवे स्टेशन से तिरंगा यात्रा निकली, तिरंगा यात्रा पूरे नगर के सभी मार्गो गायत्री मंदिर,नारायण सागर रोड, राजापारा, बुधवारी बाजार से हटरी रोड, कचहरी चौक,पुरेन्हापारा से महामाया मंदिर होते हुए नवधा चौक में समापन हुआ,कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े,भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, शक्ति के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, विद्या सिदार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा पूरे देशवासियों में देशभक्ति की भावना जगाना है सभी को अपने घरों में तिरंगा लगाना है, तिरंगा यात्रा से सभी को जोड़ने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, मोदी जी ने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है,मुख्य अभ्यागत सांसद कमलेश जांगड़े ने देश वासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवम सभी को अपने घरों में तिरंगा लगाने कहा,पूर्व विधायक डा खिलावन साहू ने कहा देश के प्रधानमंत्री के द्वारा पूरे देश में तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है,जिससे पूरे देश वासियों में देश प्रेम की भावना जागृत हो तथा जिन्होंने देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी उसे देशवासी याद रखे इसलिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है,जो की बहुत ही सराहनीय है. इस तिरंगा यात्रा में जिला के पदाधिकारी रामनरेश यादव, दीपक गुप्ता, अन्नपूर्णा राठौर, जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव, अरुण शर्मा, ऋषि गोयल, मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, प्रेमलाल पटेल, संतोष राठौर, दीपक ठाकुर, बसंत सूर्या, गोविंद देवांगन, गोविंदा निराला, प्रमेंद्र ठाकुर,आदित्य अग्रवाल राजा, युवामोर्चा जिला अध्यक्ष लोकेश साहू, अभिषेक शर्मा, चिराग अग्रवाल, रवि पटेल, शिवम जायसवाल, प्रकाश साहू योगेश साहू युवामोर्चा के अध्यक्ष रोशन राठौर लाखन नामदेव सूरज देवांगन अनुराग विश्वकर्मा परमेश्वर साहू सोमेश सोनी रामावतार साहू देवाशीष पटेल विजय साहू पुरन जायसवाल नागेश राजकमल राठौर शामिल रहें. विधानसभा मुख्यालय सक्ती में हर घर तिरंगा,घर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर पुरे सक्ती नगर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में मोटर साइकिल रैली में नगर भ्रमण किये, इस मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, सांसद कमलेश जांगड़े, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं पुर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष लोकेश साहू, महामंत्री अभिषेक शर्मा,रवि पटेल, रामअवतार अग्रवाल,अनुप अग्रवाल, धनंजय नामदेव, संतोष राठौर, हेत राम देवांगन, मनमोहन देवांगन, गोविंद देवांगन, अमन डालमिया, सत्येन्द्र सोनी, राजा सोनी, दीपक ठाकुर, पंकज सांवडिया, रोशन राठौर, बसंत सूर्या,राम अवतार साहू, प्रमोद देवांगन,रामाधीन राठौर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे,कार्यक्रम को पूर्व विधायक सक्ती डॉ खिलावन साहू, सांसद कमलेश जांगड़े , जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत चंद्रा एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष लोकेश साहू ने संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री द्वय टिकेश्वर गबेल एवं घनश्याम साहू ने किया।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा द्वारा निकाली गई संविधान यात्रा




पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज 14 अगस्त दिन बुधवार को संविधान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर के हृदय स्थल बापू बापू बालोद्यान से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर, पूरे नगर भ्रमण करते हुए सुभाष चौक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के मूर्ति पर फूल माला दीप प्रज्वलित कर संपन्न हुई। संविधान यात्रा हेतु सर्वप्रथम बापू बालोद्यान के प्रांगण स्थल पर एक मंच पर सभी कांग्रेस जन एकत्रित हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाम्पा के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत को आमंत्रित किया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात सभी वरिष्ठ जनों को संविधान यात्रा के बारे में वक्तव्य देने के लिए आमंत्रित किया गया।
इस कड़ी में सर्वप्रथम जिला प्रवक्ता पार्षद नागेंद्र गुप्ता, ने संविधान के बारे में विस्तार से बताते हुए अपनी बातें रखी।संविधान यात्रा पर विस्तार से जय थवाईत, समद बेग, इब्राहिम मेमन प्रदेश प्रतिनिधि, गिरधारी यादव, अखिलेश पांडेय, सहित वरिष्ठजनो ने अपनी बातें रखी।तेज बारिश के बाद भी यह यात्रा बापू बालोद्यान से नगर भ्रमण करते हुए रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम, गीत के साथ महात्मा गांधी अमर रहे, संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर रहे, तिरंगे झंडे की जय, कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद राहुल गांधी, जिंदाबाद के नारे लगते रहे। यह यात्रा सुभाष चंद्र बोस जी मूर्ति के पास पहुँचकर संपन्न हुई। जोन प्रभारी अनिल मोदी ने आभार व्यक्त हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सुनील साधवानी, जय थवाईत, हरदेव देवांगन, (पार्षद)नागेंद्र गुप्ता, पुसउ सिदार, रंजन कैवर्त, दिनेश्वर देवांगन, गोविन्द देवांगन अंजली देवांगन, गीता सोनी, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण देवांगन, रामबाई स्वर्णकार, कस्तूरचंद देवांगन, इब्राहिम मेमन, भालचंद्र तिवारी, किशन सोनी, समद बेग, अनिल मोदी, अमरजीत सलूजा, अखिलेश पांडेय, गिरधारी यादव, अंजुम अंसारी, माणिक मसीह, राजेन्द्र देवांगन, श्यामलाल देवांगन, शिवशंकर निषाद, ओम थवाईत, जीवन बंजारे, राकेश जोशी, अजय सोनी, रमेश प्रजापति, राजू देवांगन, विष्णु गाड़ा, हाशिम खान, ललित देवांगन एवम रमेश बरेठ उपस्थित रहे।

# संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर में 'अलंकरण समारोह (इन्वेस्टिचर सेरेमनी)' का आयोजन

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर में 13 अगस्त 2024 को "इन्वेस्टिचर सेरेमनी" का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैजैपुर थाना प्रभारी ललित चन्द्रा , डॉ. संजीव अहिरवार जी, सरक्षक प्रेस क्लब जैजैपुर धनेश्वर साहू,द्वारिका चन्द्रा उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय की हेड गर्ल निराली केवट, हेड बॉय कुशल अहिरवार, स्कूल सेक्रेटरी कृतिका चंद्रा, सांस्कृतिक सचिव प्रिया चंद्रा और डिम्पी मंडावी, तथा खेल सचिव चांद नवनीत और आलोक टंडन ने शपथ ली। इसके अलावा, सभी हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन और हाउस प्रीफेक्ट्स ने भी अपने पद की शपथ ग्रहण की। प्राचार्य एस एल नापित ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि,यह आयोजन न केवल जैजैपुर क्षेत्र के लिए नया और अनूठा है, बल्कि छात्रों में नेतृत्व कौशल विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाते हैं, जिससे वे न केवल अकादमिक बल्कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में भी नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होते हैं। इस पहल से छात्रों में अनुशासन, टीमवर्क, और निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास होता है, जो उनके भविष्य में एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए आवश्यक है। साथ ही सभी शिक्षकों व अतिथियों ने विद्यार्थियों को उन्होंने शुभकामनाएं दी।

# यातायात मित्रों का हुआ सम्मान, सक्ती जिला यातायात शाखा की अनुकरणीय पहल






पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले में जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा के निर्देशन में जहां जिले की यातायात शाखा सक्रिय रूप से पूरे जिले में आवागमन को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है, वहीं जिला यातायात शाखा द्वारा यातायात शाखा को सहयोग करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जा रहा है, दुर्घटनाओ मे अविलम्ब सूचना देने वाले यातायात मित्रो को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदाय किया गया है, अंकिता शर्मा (भापुसे) के द्वारा विभिन्न जगहों में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के उपचार हेतु सूचना प्राप्त करने के लिए जिले में 500 से अधिक लोगों को यातायात मित्र बनाया गया, ताकि घायलों को समय पर इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सके और सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाई जा सके दुर्घटना के मूल कारण को पता लगाकर दुर्घटना की संख्या में कमी लाई जा सके ऐसे यातायात मित्र जो सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को दिये है उन्हे उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा पु से) के निर्देशन में प्रदाय कर सम्मानित किया गया, सक्ती पुलिस द्वारा लगातार सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने एवं सडक दुर्घटनाओ मे घायल व्यक्तियों को सही समय पर उपचार मिल सके इस बाबत लगातार प्रयास किया जा रहा हैं।

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने ली नशा मुक्ति शपथ



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चौथी वर्षगांठ के अवसर पर आज सुबह 9 बजे जे.आर.डी. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता लाने हेतु शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र थीम पर किया गया। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव के द्वारा अपने उद्बोधन में स्कूली छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने एवं अपने माता-पिता तथा अपने आस-पास के लोगों को नशे से दूर रखने के लिये नशामुक्ति प्रेरणायुक्त वाचन किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, समाज कल्याण विभाग दुर्ग के उपसंचालक अमित परिहार तथा शिक्षा विभाग के प्रधान पाठक सरस्वती देशमुख एवं जे. मनोहरण, विवेक शर्मा तथा अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने बच्चों को परोसा भोजन, बच्चों के संग जमीन पर बैठकर खाया खाना

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस. जयवर्धन आज फिर एक बार पालक की भूमिका में नजर आये। उन्होंने आज जिले के मोहला विकासखंड के ग्राम पंचायत भोजटोला में संचालित कन्या आश्रम पहुंचकर बच्चों के संग समय बिताया। कलेक्टर ने कन्या आश्रम के बच्चों को न्योता भोज दिया। कलेक्टर ने स्वयं अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा, साथ ही उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन और पकवान भी ग्रहण किया। आश्रम में रहने वाले बच्चों को खीर-पुरी, बड़ा, पनीर मटर, गोभी की सब्जी परोसा गया। कलेक्टर को अपने बीच पाकर आश्रम में रहने वाले बच्चे बेहद उत्साहित व प्रसन्न हुए। जब बच्चों से पूछा गया कि जिले का कलेक्टर कौन है और क्या उन्हें पहचानते हैं, तब बच्चों ने कलेक्टर का नाम बताया और कहा कि वे कलेक्टर को नहीं देखे हैं। जब बच्चों को यह पता चला कि जो उन्हें भोजन परोस रहे हैं और आज का न्योता भोज का आयोजन जिनके द्वारा किया गया है वह कलेक्टर हैं, तो बच्चें काफी उत्साहित और प्रसन्न हुए। न्यौता भोज के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से उनके शिक्षा, पढ़ाई-लिखाई और अन्य गतिविधियों के संबंध में चर्चा किया। कलेक्टर ने बच्चों को उत्साहित और प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने स्कूली पाठ्यक्रम के साथ ही प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी करें। नवोदय विद्यालय और प्रयास विद्यालय में चयन के लिए उन्होंने बच्चों को टिप्स दी। कलेक्टर ने बच्चों को सामान्य ज्ञान से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे। कलेक्टर ने बच्चों से राज्यों के राजधानी के नाम सहित भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महापुरुषों से संबंधित प्रश्न पूछे।

# संभागायुक्त एसएन राठौर ने किया एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग संभागायुक्त एस एन राठौर ने आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय और तहसील कार्यालय दुर्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम कोर्ट और तहसील कोर्ट में लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। संभाग आयुक्त राठौर ने सभी तहसीलदार और नायाब तहसीलदार को शासन के दिशा निर्देशों और नियमों को ध्यान में रखते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने तहसील कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम एच.एस. मिरी, तहसीलदार पी.आर. सलाम, अतिरिक्त तहसीलदार ख्याति नेताम एवं नायब तहसीलदार सुकलिहारी एवं स्टाफउपस्थित थे।

## मुख्य कार्यालय नगर निगम में महापौर धीरज बाकलीवाल करेंगे ध्वजारोहण



दुर्ग। नगर पालिक निगम। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम कार्यालय में सुबह 8.00 बजे ध्वजारोहण होगा। महापौर धीरज बाकलीवाल, नगर निगम सभापति राजेश यादव,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व समस्त एमआईसी सदस्य एवं पार्षदगण के साथ-साथ निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।नगर निगम के समस्त पार्षद,अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा प्रातः 8,00 बजे नगर निगम मुख्यालय में ध्वजारोहण किया जावेगा. जिसके लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# दुर्लभ वाद्ययंत्रों से जंगली जानवरों की आवाज सुन कर दंग रह गए केंद्रीय मंत्री यादव

- लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनके समूह, की प्रस्तुति को सराहा मुख्यमंत्री व अतिथियों ने

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में विश्व हाथी दिवस पर स्थानीय होटल में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में अंचल के प्रख्यात लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने अपने दुर्लभ वाद्य यंत्रों से बीती रात केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित देश भर के विशिष्ट अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने रिखी की प्रस्तुति को सराहा और विगत 40 वर्ष से घूम-घूम कर लोकवाद्य का संग्रह किए जाने को समर्पण की अनुकरणीय मिसाल बताया। इस आयोजन में रिखी क्षत्रिय ने अपने 36 कलाकारों के दल के साथ छत्तीसगढ़ के परंपरागत तीज त्योहारों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। यहां उन्होंने भेर, चरहे, कोटेला, खंजरी, मांदर,चटकोला, गतका, झड़ी डंडा, कुहकी और टंहडोर जैसे दुर्लभ वाद्यों से हांथी,शेर, मेंढक, सारस, तितुर चिड़िया, पंड़की, कोयल, सलहई चिड़िया और झरने की आवाज निकाल कर देश भर के मेहमानों को अचंभित कर दिया। इसके बाद रिखी और उनके समूह ने छत्तीसगढ के बारामासी गीत नृत्य प्रस्तुत किए। जिसमें चैत्र मास मे जंवारा गीत ,सावन हरेली का गेंडी नृत्य , भादो का भोजली नृत्य, जन्माष्टमीं के रामधुनी नृत्य से लेकर फागुन माह के होली नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं आदिवासी नृत्य में बस्तर के परब , दन्तेवाडा के माडी करमा, गौर माडिया नृत्य और कवर्धा का बैगा करमा आदि की भी प्रस्तुति दी। मात्र 15 मिनट के निर्धारित समय में रिखी ने छत्तीसगढ़ की समूची संस्कृति व परंपरा को मंच पर उतार दिया। रिखी क्षत्रिय के समूह में कलाकारों में गायक कुलदीप सार्वा, ओमेंश्वरी, दिनेश वर्मा, गीतांजलि, किरन, संगीत में रामकुमार,उग्रसेन, डोरेलाल, कमल, राजेश, भोला, अजितऔर नृत्य पक्ष में अनुराधा, पारस, जया, संजू, नेहा, प्रदीप, शशि, नवीन, लीना, रिंकू, चंचल, सुनील, सुनील, प्रियंका, हेमा, प्रमोद, दादू ,जागेश्वरी, नेहा देवांगन और रंजीत का योगदान रहा।

## पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली में आजादी के उत्सव का छलका उत्साह

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आजादी के उत्सव का उल्लास एवं खुशी की अभिव्यक्ति के रूप में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दौड़ एवं हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देशभक्ति के जज्बे एवं उत्साह के साथ हाथों में तिरंगा लिए बच्चों, युवाओं एवं हर आयु वर्ग के लोगों ने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली में भाग लिया। स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से वीआईपी रोड होते हुए भदौरिया चौक दिग्विजय स्टेडियम के सामने से वापस वीआईपी रोड होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में समाप्त हुई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी, खेल संघ के पदाधिकारी, शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस जवान, गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत 9 अगस्त से लगातार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह अंतर्गत तिरंगा बाईक रैली, सेल्फी, म्यूजिक कॉन्सर्ट, हस्ताक्षर अभियान, तिरंगा शपथ, तिरंगा यात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज तिरंगा रैली एवं स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान है। सभी को इसका गौरव एवं सम्मान बनाये रखना है। सभी की इस रैली में एवं अन्य कार्यक्रम में सहभागिता रहे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर मती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ए एक्का, खूबचंद पारख, सह सचिव हॉकी इंडिया एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ फिरोज अंसारी, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, साई हॉकी कोच अमित कुमार, सचिव जिला वॉलीबाल आबिद बेग, जिला केंडा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य ठाकुर प्यारे लाल सिंह विद्यालय भूषण साव, पीटीआई शैलेन्द्र तिवारी, प्रबंधक दिग्विजय स्टेडियम रणविजय प्रताप सिंह, कोच वॉलीबाल मती ममता गुप्ता, कोच एथलेटिक्स कामता यादव, कोच खेलो इंडिया शकील अहमद, कोच वॉलीबाल संध्या ध्रुव, पीटीआई स्वप्नील झा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मेकॉज में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल जारी



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ कथित रेप और हत्या की घटना के विरोध में स्थानीय मेडिकल कॉलेज के इंटर्न चिकित्सकों का प्रदर्शन दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपस्थित इंटर्न डॉक्टरों ने काली पट्टी लगाकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुई घटना का कड़ा विरोध जताया। साथ ही इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए। ज्ञात हो कि कोलकाता में एक महिला चिकित्सक से कथित रेप और हत्या की घटना के विरोध में इंटर्न डॉक्टरों ने देश के अलग-अलग जिलों व प्रदेशों में अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि रेजिडेंट चिकित्सक मामले की पारदर्शी जांच, जिम्मेदार अधिकारियों के इस्तीफे, पीड़िता के परिवार को पर्याप्त मुआवजा, केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन और देशभर के सभी मेडिकल कॉलेज में कार्यस्थल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। इंटर्न डॉक्टरों के प्रदर्शन के चलते चिकित्सा सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित है।


तिरंगा हमारी शान,
हर भारतीय का स्वाभिमान
78वें
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं...
"स्वतंत्रता दिवस"
का यह राष्ट्रीय पर्व हमें न सिर्फ उन असंख्य राष्ट्रभक्त सेनानियों का स्मरण कराता है जिनके शौर्य व बलिदान से आज हम एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विद्यमान हैं बल्कि उन अमर बलिदानियों के स्वप्न के स्वर्णिम भारत के प्रति हमारे कर्तव्यों का भी अहसास करवाता है।
भावना बोहरा
विनीत: समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, पण्डरिया विधानसभा


समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए
प्रकाश टेकाम
बालक आश्रम समनापुर
कोमल धुर्वे
प्री मैं एसटी बालक छात्रावास रेंगाखार
नंदकुमार मेरावी
प्री मैं एसटी बालक छात्रावास सिंघारी
मनोज मंडावी
आदिवासी बालक आश्रम लब्दा
चतुर मेरावी
अदिवासी बालक आश्रम मिनमिनिया ज
बसंती बंजारे
आदिवासी कन्या आश्रम नेउर
मोनिका कौड़े सहायक अयुक्त
पुरन पोर्ते
अदिवासी बालक आश्रम लरबक्की
मोतीलाल परस्ते
आदिवासी बालक आश्रम पंडरीपानी
सुकलाल मरकाम
प्री मैं आदिवासी बालक छात्रावास तरेगांव
संदीप गुप्ता
प्री मैं अदिवासी बालक छात्रावास खारा
प्रीतम धुर्वे
प्री मैं अदिवासी बालक छात्रावास बोक्करखार
भूपेंद्र सुनहले
आदिवासी बालक आश्रम नेउर
खेमराज जांगड़े विशेष पिछड़ी जनजाति आवासीय विद्यालय पोलमी
विनीत:- आदिम जाति कल्याण विभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम
संकलनकर्ता-भुवनलाल पटेल, ब्यूरोचीफ, कवर्धा, मोबाइल-98930-54291, 62677-90253


ग्राम पंचायत बेलमाण्ड
की ओर से समस्त ग्रामवासी को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मधुलता यादव
सरपंच
संतोष कुमार साहू
उपसरपंच
श्यामलाल निषाद
सचिव


ग्राम पंचायत-नर्रा वि.ख. बालोद
की ओर से समस्त ग्रामवासी को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
खिलेश कुमार गंगवंशी
सरपंच
इंदू बाई गंगवेर
उपसरपंच
जागेश्वर सोरी
सचिव
पंचगण : दीनदयाल, देवसिंह मंडावी, अमरीका अठनागर, फगनी बाई अठनागर, शिवरात्रि कोरार्म, कौशिल्या बाई बंजारे, पुरूषोत्तम बंजारे, जयंती बाई मंडावी, चम्पेश्वरी सोनवानी, कपिल राम मंडावी, अमृत बाई उइके, ज्योत्सना बाई टांडिया, खिलेश्वर कुंजाम एवं समस्त ग्रामवासी


ग्राम पंचायत-पीपरछेड़ी वि.ख. बालोद
की ओर से समस्त ग्रामवासी को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंचगण : श्रीमती त्रिवेणी ठाकुर, श्रीमती गीताबाई साहू, श्रीमती ममता साहू, कौशल ठाकुर, खेमराजपुरी गोस्वामी सोमन लाल साहू, श्रीमती तामेश्वरी साहू, श्रीमती रोमिन साहू, विरेन्द्र ठाकुर, टोमेश साहू, श्रीमती रेशमा ठाकुर, टिकेश्वर साहू, मणीराम ठाकुर, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती हेमलता साहू, श्रीमती रीना ठाकुर, कु. हिलेश कुर्रे-रोजगार सहायक प्रवीण गोगरेले-कम्प्यूटर ऑपरेटर, टोमन लाल-भृत्य एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी।
वेदराम भुआर्य
सरपंच
खेमराज पुरी गोस्वामी
उपसरपंच
दिनेश केशरिया
सचिव


ग्राम पंचायत बरही वि.खं. बालोद
की ओर से समस्त ग्रामवासी को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती कांति मानिकपुरी
सरपंच
लतखोर साहू
उपसरपंच
देवचंद साहू
सचिव
:: पंचगण ::
श्रीमती सुषमा कुंभकार, श्रीमती अनिता कुंभकार, तोषण कुमार सिन्हा, कमल कुमार ठाकुर, पूना राम देवांगन, श्रीमती प्रमिला ठाकुर, श्रीमती मंजू मंडावी, श्रीमती दुर्गेश सिन्हा, श्रीमती राजिम टांडेकर, श्रीमती भुनेश्वरी ठाकुर, श्रीमती गिरजा सेन, श्रीमती सरिता ठाकुर, श्रीमती जानकी बाई ठाकुर, श्रीमती प्रियंका साहू, देशुराम यादव, श्रीमती कमारिन बाई ठाकुर, श्रीमती जीतू मेश्राम, सोमन लाल साहू-रोजगार सहायक, हरिकृष्ण ठाकुर-भृत्य एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बरही


बालोद क्षेत्र वासियों सहित पूरे प्रदेश वासियों को
ग्राम पंचायत-चारवाही वि.ख. बालोद
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंचगण : भुनेश्वरी पंच, गीता साहू, गेवन साहू, यादराम साहू, सेतराम साहू, लक्ष्मी साहू, सुलोचना ठाकुर, उषा साहू, निधि साहू-रोजगार सहायक, भोजराम साहू-भृत्य
योगराज अंगारे
सरपंच
संजय कुमार हिरवानी
उपसरपंच
रोशन यादव
सचिव


ग्राम पंचायत-मटिया (बी) वि.ख. बालोद
की ओर से समस्त ग्रामवासी को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोशन लाल उइके
सरपंच
नरेश कुमार मंडावी
उपसरपंच
अम्बिक कुंजाम
सचिव
पंचगण - एगेश्वरी साहू, रविता नेताम, संजय कुमार निषाद, आनंद सिन्हा, पुरूषोत्तम साहू, रीना उइके, जागेश्वर सेन, रमनूराम कोरांम, तामेश्वरी मंडावी, मनीषा साहू, रूखमनी उइके, बसंती वर्मा, लीलाराम सिन्हा, सविता देवांगन, टीकम बाई, ललिता बाई खैवार, रोज. सहा.-हेमंत साहू, कोटवार-कस्तूरी बाई, जगतराम, भृत्य-अमरलाल सिन्हा


ग्राम पंचायत-भेंगारी वि.ख. बालोद
की ओर से समस्त ग्रामवासी को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंचगण : दुष्यंत कुमार साहू, निर्मल कुमार साहू, श्रीमती चित्ररेखा बाई साहू, श्रीमती पिलेश्वरी साहू, श्रीमती कविता ठाकुर, श्रीमती चैती बाई साहू, श्रीमती कविता साहू, श्रीमती पूरन साहू, श्रीमती गोमती साहू, नारदराम साहू, रोजगार सहायिका कुमारी यामिनी साहू, भृत्य हेमंत कुमार ठाकुर व ग्रामवासी
श्रीमती सरोज ठाकुर
सरपंच
मेहत्तर राम साहू
उपसरपंच
यीशु कुमार पिस्दा
सचिव


ग्राम पंचायत देवीनवांगांव वि.ख. बालोद
की ओर से समस्त ग्रामवासी को
AUGUST 15
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती विनीता नेताम
सरपंच
श्री हरीश कुमार वाहिले
सचिव
श्री साधुराम नेताम
उपसरपंच
पंचगण : श्रीमती लोमिन निषाद, श्रीमती कौशिल्या साहू, श्रीमती प्रेमलता साहू, श्रीमती रीशन बाई ठाकुर, श्री देवेन्द्र कुमार साहू, श्रीमती द्रोपती ठाकुर, श्रीमती टोमेश्वरी निषाद, श्री मनुलाल निषाद, श्री भोपेश कुमार निषाद, भृत्य-श्री राधेलाल मंडावी एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत देवीनवांगांव, वि.खं. बालोद


बालोद क्षेत्र वासियों सहित पूरे प्रदेश वासियों को
ग्राम पंचायत परसोदा, वि.ख. बालोद, जि.-बालोद (छ.ग.)
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
श्रीमति सुशीला मरकाम
सरपंच
छबिलाल नेताम
सचिव
श्री भागवतराम साहू
उपसरपंच
पंचगण - चंदेलराम राते, सुरेन्द्र कुमार, भावना बाई, रेखा बाई यादव, लोचन लाल साहू, माखनलाल यादव, होमनलाल सोरी, भ्रमित बाई साहू, संजय कुमार पटेल, भगवंतिन बाई, कौशिल्या सिन्हा, कांति बाई साहू, सुशीला बाई साहू, मुक्ताराम निर्मलकर, पूर्णिमा बाई, सरोज बाई साहू, खेमिन बाई, अंजना सिन्हा, भारत सिन्हा एवं समस्त ग्रामवासी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किसलय होम्यो एवं आयुर्वेद एजेन्सी
संस्कार शाला के बाजू दल्ली रोड, बालोद मो. 9406066193, 8435464139
होम्योपैथी एवं आयुर्वेदिक विश्व स्तरीय दवाओं का विशाल संग्रह एक ही छत की नीचे...
संबंधित प्रतिष्ठान - किसलय होम्यो एवं आयुर्वेद एजेंसी
मगेन्द्र ब्रदर्स काम्पलेक्स बस स्टैण्ड गुरूर मो. 78577-03088
किसलय आयुर्वेद, जड़ी-बूटी एवं पूजन सामग्री स्टोर्स रामघाट (हीरापुर चौक), बालोद मो: 7247520814
प्रो. प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य - पुरूषोत्तम सिंह राजपूत
निवासी-ग्राम बेलमांड, जिला-बालोद छ.ग.
पुरूषोत्तम सिंह राजपूत
प्रोपाराईटर















सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी ये गुलिस्तां हमारा












सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
जय हिंद
अमर जवान
कांता साहू
जिला उपाध्यक्ष
भाजयुमो राजनांदगांव
जगजीत सिंह भाटिया
पूर्व प्रदेश मंत्री
भाजयुमो


वनों को आग से बचाएं।
वनों को अवैध कटाई से रोकें।
समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सौजन्य
वन विभाग राजनांदगांव


स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
श्रीमती सीमा सिन्हा
अध्यक्ष
नगर पंचायत छुरिया


पायनियर
के स्थापना दिवस और
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रखर श्रीवास्तव
अध्यक्ष
भाजयुमो दक्षिण मंडल, राजनांदगांव


जय हिंद
अमर जवान
समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
आबकारी विभाग राजनांदगांव


समस्त जिलेवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तरुण लहरवानी
अध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल
राजनांदगांव


15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शाहिद भाई
महामंत्री- प्रदेश कांग्रेस कमेटी


भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता
आदरणीय अशोक चौधरी जी को
जन्मदिवस की अशेष शुभकामनाएं
Happy Birthday
सभी जिले वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
के ढेरों बधाई व शुभकामनाएं
ऋषिदेव चौधरी
महामंत्री भारतीय जनता पार्टी
उत्तर मंडल, राजनांदगांव


15 AUGUST
INDIAN
INDEPENDENCE DAY
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाऐ..
मा. पुन्नूलाल मोहले जी
पूर्व मंत्री एवं विधायक, मुंगेली
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
शैलेष पाठक
जिलाध्यक्ष - भाजपा मुंगेली


15 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासीयों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं।
श्रीमती गायत्री साहू
अध्यक्ष- जनपद पंचायत मुंगेली
पवन पाण्डेय
उपाध्यक्ष- जनपद पंचायत मुंगेली
रामफल साहू
अध्यक्ष प्रतिनिधि
डॉ. शिवकुमार बंजारा
जिलाध्यक्ष अनु. जाति मोर्चा जिला मुंगेली
सभापति जनपद पंचायत मुंगेली
शैलेन्द्र तिवारी
सभापति
जनपद पंचायत मुंगेली
मनोज साहू
सभापति प्रतिनिधि
जनपद पंचायत मुंगेली


राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम
हेपेटाइटिस बी
हेपेटाइटिस बी और सी
की रोकथाम
क्या आप गोदना
या कान व नाक
छिदवाने वाले हैं?
हेपेटाइटिस के 5 प्रकार
रक्त जनित हेपेटाइटिस
जल जनित हेपेटाइटिस
जांच, टीका एवं HBIG निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य संस्था में निःशुल्क उपलब्ध है।
अपने जीवन को गोदना की स्याही में न डुबाएं
Toll-Free Helpline Number 1800-11-6666
जिला स्वास्थ्य समिति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला-मुंगेली (छ.ग.)


आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
आदेश एडवर्डटाईजिंग परिवार, मुंगेली

डॉ. अनिरुद्ध पटेल
आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी
शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी छुरिया
एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
शिवकरण वर्मा
नोटरी/अधिवक्ता तहसील छुरिया
निवास-ग्राम जरहामहका
पोस्ट-शिकारी महका तहसील छुरिया

Happy Independence Day
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रामकिशन अरकरा — सरपंच
हरिप्रसाद सिन्हा — सचिव
व सरपंच, पंच गण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत भकूर्रा, विकासखंड-छुरिया

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डोमन पटेल, सरपंच
कांसीराम साहू सचिव, हेमिन बाई साहू व उपसरपंच, रोजगार सहायक, पंचगण एवम् समस्त ग्रामवासी गण, रीपा ग्रामपंचायत कल्लूबंजारी, विकासखण्ड छुरिया

Happy 15 August
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती पूनम शर्मा — सरपंच
नरेन्द्र दमोहे — उपसरपंच
सचिव, रोजगार सहायक, पंचगण व समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत-चिरचारी कला विकासखंड-छुरिया

स्वंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को अशेष बधाई व शुभकामनाएं
श्रीमती ज्ञानेश्वरी साहू — सरपंच
श्री बुद्धू श्रीवास — सचिव
सौजन्य
उपसरपंच, रोजगार सहायक, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत टिपानगढ विकासखंड छुरिया

Happy Independence Day
आजादी के महा उत्सव की आप सभी को हृदय से बधाइयां
जानकीशरण श्रीवास्तव
सरपंच
उप सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पंचगण, एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत जोब, विकासखंड छुरिया

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
डॉ. हेमसिंग निर्मलकर
सरपंच
सचिव, उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासीगण ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी, विकासखण्ड छुरिया

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हौसी लाल साहू
सरपंच
राजकुमार सोनी, सचिव मोहन मंडावी उपसरपंच, रोजगार सहायक, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्रामपंचायत धरमुटोला विकासखण्ड छुरिया

स्वंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनायें
श्रीमती पुष्पा सिन्हा
जिला महामंत्री
जिला महिला कांग्रेस राजनांदगांव

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
विपिन यादव
जनपद सदस्य
जनपद पंचायत छुरिया

HAPPY Independence Day
आजादी के महापर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
चिन्ता राम साहू
प्रदेश प्रभारी, पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा छग
अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ, राजनांदगांव

आजादी के महापर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
हेमलता महानदिया — सरपंच
मोहन लाल साहू — सचिव
सौजन्य
उपसरपंच, रोजगार सहायक, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत साल्हेटोला विकासखंड छुरिया

स्वंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनायें
जय हिंद
अमर जवान
श्रीमती किरण वैष्णव
अध्यक्ष
जनपद पंचायत-छुरिया
रविन्द्र वैष्णव
जिला महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
15th August
Independence
श्री महानंद खोब्रागड़े — सरपंच
श्री भानूराम पटेल — उपसरपंच
श्री बिहारी लाल साहू — सचिव
सीमा विश्वकर्मा — रोजगार सहायक
मानीक लाल — भृत्य
एवं
पंचगण-खेदी बाई, अगेश्वरी, नागोराव, सोमराय, माखनलाल, सविता बाई, हुमनबाई, गीता बाई, लिखीराम, नीराबाई, धनेश्वरी बाई

स्वतंत्रता दिवस
की मंगल बेला पर आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें
चंद्रिका प्रसाद डडसेना
जिला उपाध्यक्ष भाजपा


जय हिन्द
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं
दलेश्वर साहू
विधायक
डोंगरगांव विधानसभा
ललित लोढ़ा
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत डोंगरगांव
हीरा भाई निषाद
अध्यक्ष
नगर पंचायत डोंगरगांव
सभापतिगण व पार्षद गण
सतीश वैष्णव
वैशाली बोरकर
किशोर बोहरा
पुष्पदेवी यदु
प्रियंक जैन
दीपक देवांगन
अशोक मालेकर
रुकमणी साहू
भगत कोराम


स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं
जय हिंद
अमर जवान
चुन्नी यदु
भाजपा नेता, डोंगरगांव
श्रीमती जागृति यदु
जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव
सौजन्य - डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ता


जश्न-ए-आजादी
की मुबारकबाद
असफॉक तंवर शेरू खान
युवा नेता
डोंगरगांव
नवाज खान
कांग्रेस नेता
पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव
सौजन्य - राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेसजन


स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं
विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री, महिला एवं बाल विकास
विभाग, छत्तीसगढ़
हर घर तिरंगा
घर घर तिरंगा
कुपोषण मुक्ति की ओर
आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोषण आहार
बच्चों के उचित देखभाल के लिए वजन त्यौहार
गर्भवती महिलाओं की गोदभराई / शिशुओं का अन्नप्राशन
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ
सौजन्य - महिला एवं बाल विकास विभाग, डोंगरगांव


सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्ताँ हमारा
हर घर तिरंगा
घर घर तिरंगा
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
हर घर तिरंगा
घर घर तिरंगा
हेमंत साहू
सचिव
ग्राम पंचात चिचदो
चैनूराम साहू
समाजसेवी
लीना साहू
सरपंच
ग्राम पंचात चिचदो
सौजन्य - ग्राम पंचायत चिचदो, जनपद पंचायत डोंगरगांव


स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं
केदार कश्यप
मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग
छत्तीसगढ़ शासन
पढ़ई तुंहर दुआर
हर घर तिरंगा
घर घर तिरंगा
आर एल पात्रे
बीईओ विकासखंड डोंगरगांव
सौजन्य - विकासखंड शिक्षा विभाग, डोंगरगांव छत्तीसगढ़


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
जय हिन्द
नर्मदा चंद्रवंशी
पूर्व सरपंच
विचारपुर नवागांव
रुखम चंद्रवंशी
सरपंच
विचारपुर नवागांव
विनीत :- ग्राम पंचायत विचारपुर नवागांव, डोंगरगांव